NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष :05, अंक :-150, पृष्ठ : 12 | शनिवार, 06 दिसम्बर, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र



# इंडिगो का संकट

## आज 400 से अधिक फ्लाइट कैंसिल, अभी 2000 से अधिक उड़ानें रद्द होने से 3 लाख यात्री परेशान

**नई दिल्ली।** इंडिगो एयरलाइन में जारी परिचालन संकट और यात्रियों की परेशानी बदस्तूर जारी है। शनिवार को अभी तक 400 से ज्यादा उड़ानें रद्द हो चुकी हैं। अहमदाबाद एयरपोर्ट पर सुबह 6 बजे तक ही 19 उड़ानें रद्द हो चुकी थीं। देश के अन्य हवाई अड्डों पर भी ऐसा ही हाल है। तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर भी शनिवार को छह घरेलू उड़ानें रद्द हो चुकी हैं। शुक्रवार को इंडिगो का परिचालन लगभग ठप रहा और दिनभर में इंडिगो की 1000 उड़ानें रद्द हुईं। वहीं 4 दिसंबर को 550 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुईं। इस तरह बीते पांच दिनों में इंडिगो की 2000 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुई हैं और देश का हवाई यातायात बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। दिल्ली एयरपोर्ट पर इंडिगो एयरलाइन की 106 (54 प्रस्थान और 52 आगमन) उड़ानें रद्द हुई हैं। मुंबई हवाई अड्डे पर सुबह 9 बजे तक 109, मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड पर 108 उड़ानें रद्द हुई हैं। वहीं पुणे हवाई अड्डे पर



शनिवार को इंडिगो की 42 उड़ानें रद्द हुई हैं। जिनमें से 14 आगमन और 28 प्रस्थान उड़ानें हैं। हैदराबाद एयरपोर्ट पर इंडिगो की 69 फ्लाइट्स कैंसिल हुई हैं, जिनमें 26 आगमन और 43 प्रस्थान उड़ानें हैं।

## विमानन मंत्री बोले- कीमत चुकानी होगी



विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा है कि इंडिगो एयरलाइन का परिचालन संकट जल्द ही हल होने वाला है और एयरलाइन के खिलाफ कार्रवाई केवल समय की बात है। विमानन मंत्री ने कहा कि इंडिगो की एक हजार से अधिक उड़ानें रद्द होने के बावजूद अन्य एयरलाइनों को कोई समस्या नहीं हुई। उन्होंने यह भी कहा कि नए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (एफडीटीएल) नियम नवंबर में लागू होने के बाद यह स्पष्ट हो गया कि समस्या इंडिगो की ओर से थी। नायडू ने बताया कि मेट्रो शहरों के हवाई अड्डों पर भीड़ कम हो गई है और दिल्ली, मुंबई, चेन्नई सहित अधिकांश हवाई अड्डों पर पिछले दिनों फंसे यात्रियों की कतारें अब खत्म हो गई हैं।

## लोकायुक्त इंस्पेक्टर की कार में जिंदा जलकर मौत

**धारवाड़।** कर्नाटक के धारवाड़ जिले से दिल को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। जिले के अन्निगेरी कस्बे के बाहरी इलाके में शुक्रवार देर रात एक लोकायुक्त इंस्पेक्टर की जिंदा जलकर मौत हो गई। ये दर्दनाक घटना सड़क हादसे को लेकर हुई है। लोकायुक्त इंस्पेक्टर की कार सड़क के डिवाइडर से टकरा गई और उसमें आग लग गई, जिससे वह कार के अंदर बैठे-बैठे जिंदा जल गए। मृतक की पहचान हावेरी लोकायुक्त कार्यालय में तैनात इंस्पेक्टर सलीमथ के रूप में हुई। शुरूआती पुलिस रिपोर्टों के अनुसार, अधिकारी गडग से हुबली की ओर जा रहे थे, तभी उनकी हुंडई i20 कार अनियंत्रित होकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर के बाद कार में आग लग गई और वह अंदर ही फंस गए। कार से बाहर निकलने का मौका नहीं मिला और वाहन जलने लगा। कुछ ही देर में आग पूरी कार में फैल गई और उनकी जिंदा जलकर मौत हो गई।

## बाबरी मस्जिद: ऐलान के बाद मुर्शिदाबाद में ईंट लेकर पहुंच रहे लोग, प्रशासन सतर्क

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में विधायक हुमायूं कबीर नई बाबरी मस्जिद की नींव रख रहे हैं। बेलदांगा में नई मस्जिद के लिए जमीन पहले ही तय की जा चुकी है। इस कार्यक्रम में सऊदी के मौलाना भी शामिल हो रहे हैं। वहीं, लगभग 60 हजार लोगों के लिए बिरयानी भी बनाई गई है। इनमें 40 हजार मेहमान और 20 हजार स्थानीय लोग शामिल हैं। अलग-अलग जगहों से लोग ईंट लेकर बेलदांगा पहुंच रहे हैं। वहीं, इस कार्यक्रम को लेकर नेताओं की प्रतिक्रिया आनी भी शुरू हो चुकी है। टीएमसी ने पहले ही इस पर आपत्ति जताई थी और हुमायूं कबीर को सस्पेंड कर चुकी है। हुमायूं कबीर के बाबरी मस्जिद रेप्लिका का शिलान्यास करने के प्लान से पहले मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में सिक्योरिटी बढ़ा दी गई है। पुलिस नेशनल हाईवे 12 पर ट्रैफिक व्यवस्था



बनाए रखने के लिए प्रयास कर रही है। यहां बड़े पैमाने पर लोग ईंट लेकर पहुंच रहे हैं।



# भारत-रूस के बीच 19 समझौतों पर मुहर

## मोदी-पुतिन 24 घंटे में 3 बार मिले : मोदी ने रूसी सेना में भर्ती भारतीयों का मुद्दा उठाया, , डिफेंस डील नहीं





**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के साथ मुलाकात के दौरान रूसी सेना में शामिल भारतीयों का मुद्दा उठाया। उन्होंने पुतिन से भारतीयों की सुरक्षित वापसी की मांग की। विदेश मंत्रालय के मुताबिक कम से कम 44 भारतीय रूसी सेना में फंसे हुए हैं।

भारत दौरे पर आए पुतिन और मोदी ने करीब 24 घंटे में 3 बार मुलाकात की। दोनों नेताओं ने साथ में प्राइवेट डिनर, द्विपक्षीय बातचीत, जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस और इंडिया-रूस बिजनेस फोरम की बैठक को संबोधित किया। हालांकि इस दौरान दोनों देशों के बीच भी किसी बड़े डिफेंस डील का ऐलान नहीं किया गया। इससे पहले कई रिपोर्ट्स में भारत-रूस के बीच किसी लड़ाकू विमान या बड़े रक्षा सौदा होने की बात कही जा रही थी।

भारत-रूस के बीच 19 समझौतों पर मुहर लगी हैं। इनका मकसद भारत-रूस व्यापार बढ़ाना है। भारत-रूस के बीच शिप बिल्डिंग, भारतीय नाविकों को बर्फीले (पोलर) समुद्री इलाकों में जहाज चलाने की ट्रेनिंग, नई शिपिंग लेन पर निवेश, सिविल न्यूक्लियर ऊर्जा और महत्वपूर्ण खनिजों (क्रिटिकल मिनरल्स) पर समझौते और एमओयू साइन किए गए।

भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया, पीएम मोदी ने रूसी सशस्त्र बलों में भारतीय नागरिकों की भर्ती का मुद्दा उठाया है। हम लगातार कोशिश कर रहे हैं कि भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द वहां से रिहा कराया जाए। मिस्री ने भारतीयों को चेतावनी भी दी कि वे किसी भी तरह का प्रस्ताव लेकर रूस की सेना में शामिल होने की भूल न करें। उन्होंने कहा ‘हम देख रहे हैं कि कई लोग वहां फंस गए हैं और वापसी की गुहार लगा रहे हैं। इसलिए किसी भी तरह के ऐसे ऑफर से दूर रहें। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, कई भारतीयों को काम का लालच देकर रूस बुलाया गया, लेकिन वहां पहुंचने के बाद उन्हें धोखे से सेना में शामिल कर लिया गया।

**पुतिन को कश्मीर का केसर और महाराष्ट्र का सिल्वर हॉर्स भी दिया**

पीएम ने पुतिन को जो गिफ्ट दिए हैं, उनमें कश्मीर का केसर, महाराष्ट्र का सिल्वर हॉर्स, मार्बल चेस सेट और श्रीमद् भगवद् गीता भी दी है।

**रूसी फर्स्ट डिप्टी पीएम बोले-पुतिन का दौरा सकारात्मक रहा**

रूस के फर्स्ट डिप्टी प्रधानमंत्री डेनिस मेंटुरोव ने कहा कि पुतिन की भारत यात्रा दोनों देशों के लिए बेहद सकारात्मक रही। मेंटुरोव ने कहा, ‘हम भारतीय कंपनियों के साथ द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाना चाहते हैं ताकि व्यापार संतुलित हो सके। भारत और रूस दोनों ही देशों में मिलकर औद्योगिक विकास हमारे सहयोग का बड़ा क्षेत्र है।’ उन्होंने भारतीय कंपनियों से कहा कि वे रूस में अपने उपयुक्त बिजनेस पार्टनर तलाशें। मेंटुरोव ने यह भी बताया कि अगले साल रूस में होने वाले एक्सहिबिशंस में वे भारतीय कंपनियों की भागीदारी की उम्मीद कर रहे हैं।

रूसी राष्ट्रपति पुतिन भी राष्ट्रपति भवन में आयोजित डिनर में शामिल होने के बाद वे रात को मास्को के लिए रवाना हो गए।



## अमेठी में शहीद की बेटी के विवाह में सीआरपीएफ का स्नेह

अमेठी के संग्रामपुर के जोगापुर अम्मरपुर निवासी शहीद सीआरपीएफ हवलदार केदारनाथ मिश्र की छोटी बेटी सुषमा मिश्र का विवाह बृहस्पतिवार को उल्लासपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। त्रिसुंडी कैंप से पहुंचे अधिकारी और जवान समारोह में विशेष रूप से शामिल हुए। दुल्हन के सिर पर चुनरी थामकर ‘सायाह्न’ की परंपरा निभाने के साथ उन्होंने ऐसा स्नेह दिखाया कि पूरा पंडाल भावनाओं से भर गया। हवलदार केदारनाथ मिश्र 17 अगस्त 2006 को जम्मू-कश्मीर के लाल चौक में गश्त के समय आतंकियों से मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त हुए थे।

## खालिस्तानियों और समर्थकों पर ब्रिटेन का बड़ा एक्शन

**लंदन।** ब्रिटेन सरकार ने भारत विरोधी गतिविधियों में संलिप्त खालिस्तान समर्थक एक सिख व्यापारी और समूह पर बैन लगा दिया है। ब्रिटेन ने गुरुवार को पहली बार अपने डोमेस्टिक काउंटर-टेररिज्म रेजीम का इस्तेमाल करते हुए एक ब्रिटिश सिख व्यापारी गुरप्रीत सिंह रेहल और उनके जुड़े एक समूह पर प्रतिबंध लगाए हैं। ये प्रतिबंध भारत में खालिस्तान समर्थक आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा को फंडिंग पहुंचाने के संदेह में लगाए गए हैं। पंजाब वॉरियर्स स्पोर्ट्स इन्वेस्टमेंट फर्म से जुड़े गुरप्रीत सिंह रेहल की ब्रिटेन में मौजूद सभी संपत्तियों को फ्रीज कर दिया गया है।

## कम नहीं हो रहीं आजम और अब्दुल्ला की मुश्किलें...

सजा बढ़वाने के लिए सेशन कोर्ट पहुंचा अभियोजन; 23 को फैसला



**रामपुर।** दो पैन कार्ड में सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खां की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। सात साल की सजा बढ़ाने की मांग को लेकर अभियोजन पक्ष की ओर से सेशन कोर्ट में अपील दायर की गई है।

दूसरी ओर सजा के खिलाफ आजम के अधिवक्ताओं ने और राहत की मांग को लेकर कई तर्क दिए हैं। सेशन कोर्ट अब इन दोनों बिंदुओं पर 23 दिसंबर को अपना फैसला सुना सकती है। दो पैन कार्ड में एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट ने पिछले दिनों सपा नेता आजम खां और अब्दुल्ला आजम को सात-सात साल की सजा व 50-50 हजार रुपये का जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई थी। इस मामले में मजिस्ट्रेट कोर्ट के फैसले के खिलाफ अब सेशन कोर्ट में शरण ली है।

उनके अधिवक्ताओं की ओर से सेशन कोर्ट में निचली अदालत के फैसले के खिलाफ अपील दायर की गई है। इसके साथ ही जमानत के लिए भी प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया है, जिस पर सेशन कोर्ट में सुनवाई चल रही है। शुक्रवार को इस मामले में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से सात साल की सजा बढ़ाए जाने की मांग को लेकर अपील दायर की गई।

सहायक शासकीय अधिवक्ता सीमा सिंह राणा के अनुसार अभियोजन की ओर से प्रार्थना पत्र दिया गया है, जिसमें अभियोजन की ओर से निचली अदालत की ओर से दी गई सात साल की सजा को बढ़ाने की मांग की गई।

इस प्रार्थना पत्र पर 23 दिसंबर को सुनवाई होगी। वहीं दूसरी ओर इस मामले में आजम खां के अधिवक्ताओं की ओर से दाखिल अपील पर बचाव पक्ष की ओर से अतिरिक्त आधार भी दाखिल किए गए। एडीजीसी ने बताया कि दोनों ही प्रार्थना पत्रों पर कोर्ट 23 दिसंबर को सुनवाई करेगी। दो पैन कार्ड मामले में सात साल की सजा काट रहे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को शुक्रवार को दो पासपोर्ट मामले में भी सात साल की कैद व पचास हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई गई है। एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई करते हुए इस मुकदमे का फैसला सुनाया है।

# फिर भिड़े पाक और अफगान सैनिक, बॉर्डर पर भीषण गोलीबारी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा पर हालात एक बार फिर बिगड़ गए। शुक्रवार रात दोनों देशों के सैनिकों के बीच जमकर गोलीबारी हुई। हालांकि इस गोलीबारी में किसी के हताहत होने या नुकसान की खबर नहीं है। दो महीने पहले ही दोनों देशों के बीच सीजफायर लागू हुआ था लेकिन शुक्रवार की रात हुई फायरिंग ने एक बार फिर इस आशंका को बल दिया है कि कहीं दोनों देशों के बीच यह झड़प जंग में न तब्दील हो जाए। सीजफायर उल्लंघन के लिए दोनों देशों ने एक-दूसरे को दोषी ठहराया है। पाकिस्तान के एक लोकल पुलिस अधिकारी मोहम्मद सादिक ने दावा किया कि गोलीबारी अफगानिस्तान की ओर से शुरू हुई और पाकिस्तानी सैनिकों ने चमन बॉर्डर क्रॉसिंग के पास जवाबी गोलीबारी की, जो एक अहम ट्रांजिट रूट है। उधर, काबुल में अफगान तालिबान सरकार के प्रवक्ता, जबीहुल्लाह मुजाहिद ने पाकिस्तान पर गोलीबारी का आरोप लगाया। मुजाहिद ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, ‘बदकिस्मती से, आज शाम, पाकिस्तानी सेना ने एक बार फिर कंधार के स्पिन बोल्डक जिले में अफगानिस्तान पर हमले किए, जिससे इस्लामिक अमीरात की सेना को जवाब देना पड़ा।’ अफगानिस्तान के शासक तालिबान अपने प्रशासन को इस्लामिक अमीरात कहते हैं। अफगान बॉर्डर पुलिस के प्रवक्ता अबीदुल्लाह फारूकी ने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने पहले अफगान सीमा पर स्पिन बोल्डक बॉर्डर इलाके में एक हैंड ग्रेनेड फेंका, जिसके बाद जवाब दिया गया। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान सीजफायर के लिए तैयार है।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )




# मथुरा में 50 लाख की चोरी

## भतीजे की शादी में व्यस्त ठेकेदार, चोरों ने घर के तोड़ दिए घर के ताले

एनएनआई

**मथुरा।** हाईवे थाना क्षेत्र में भतीजे की शादी में व्यस्त ठेकेदार के घर से चोरों ने आभूषण व करीब 50 लाख रुपये पर हाथ साफ कर दिया। शादी से लौटे परिवार को घर का सामान बिखरा मिला। अलमारी से आभूषण, नकदी भी गायब मिली। पुलिस व फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है।

हाईवे थाना क्षेत्र के गांव बिरजापुर निवासी धर्मवीर मकानों की मरम्मत कार्य की ठेकेदारी करते हैं। बृहस्पतिवार रात को उनके भतीजे की गांव के निकट एक मैरिज होम में शादी थी। परिवार के सभी लोग शादी में शामिल थे। वह रात को जब घर लौटे तो सामान बिखरा मिला और रुपये व आभूषण भी गायब मिले। परिजन ने बताया कि अलमारी में आभूषण व 50 लाख रुपये मौजूद थे। पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाकर एक पड़ोसी को हिरासत में लिया है। घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे भी पुलिस खंगाल रही है। सीओ श्वेता वर्मा ने बताया कि चोर ने एक लॉकर से कुछ सामान चोरी किया है, जबकि अलमारी का दूसरा लॉकर सुरक्षित है। हालांकि मामले की जांच कराई जा रही है। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## 6 दिसंबर को लेकर अलर्ट...बांकेबिहारी मंदिर पर सुरक्षा घेरा

ब्रज में सुरक्षा एजेंसियां 6 दिसंबर को लेकर अलर्ट मोड पर हैं। वृंदावन के ठाकुर श्रीबांकेबिहारी मंदिर सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों पर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी है। श्रद्धालुओं को तलाशी के बाद ही मंदिर में प्रवेश दिया गया। पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर आने-जाने वाले मार्गों पर गाड़ियों की चेकिंग तेज कर दी है। श्रद्धालुओं के बैग व गाड़ी की तलाशी लेने के बाद ही प्रवेश दिया गया। सीओ सदर संदीप सिंह ने बताया कि सुरक्षा में किसी भी तरह की चूक न हो, इसके लिए अतिरिक्त फोर्स तैनात किया गया। स्थानीय लोगों से किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने को कहा है।

## पारिवारिक कलह के बाद युवक ने की आत्महत्या

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद के नगला किला मोहल्ले में शुक्रवार की रात करीब 8 बजे पारिवारिक कलह के चलते एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की पहचान 27 वर्षीय रवि पुत्र श्रीपाल सिंह के रूप में हुई है, जो छोटा टावर के पास नगला किला का निवासी था। बताया गया है कि मामूली बात को लेकर उसका परिजनों से झगड़ा हो गया था।



विवाद के बाद रवि ने घर में ही फांसी का फंदा बनाकर अपनी जान दे दी। परिजनों ने उसे फंदे से नीचे उतारा और तत्काल जिला संयुक्त चिकित्सालय ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। इस संबंध में प्रभारी अनुज कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में युवक द्वारा घरेलू विवाद के कारण आत्महत्या करने की बात सामने आई है।

## मुठभेड़ में दो लुटेरे गिरफ्तार, एक घायल

**फिरोजाबाद** एनएनआई। रामगढ़ थाना पुलिस ने एक लूट की वारदात का 10 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए शुक्रवार रात मुठभेड़ के बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में एक आरोपी गोली लगने से घायल हो गया, जिसे पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने लूटा गया ऑटो रिक्शा और अवैध हथियार बरामद किया है।

एसपी सिटी रविशंकर प्रसाद ने बताया कि यह घटना 5 दिसंबर को रामगढ़ थाना क्षेत्र में हुई थी। वादी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि जब वह अपने ऑटो से सवारी लेकर सांती रोड जा रहा था, तब हलपुरा के पास दो अज्ञात बदमाशों ने तमंचा दिखाकर ऑटो लूट लिया था। पुलिस ने इस संबंध में मु0अ0सं0 771/2025 दर्ज कर जांच शुरू की थी। घटना के खुलासे के लिए एएसपी नगर के पर्यवेक्षण में दो टीमों का गठन किया गया।

## हाथरस में बाइकों की भिड़ंत, एक की मौत

एनएनआई

**हाथरस।** सादाबाद-मुरसान मार्ग पर सोमवार को बहादुरपुर भूप चौराहे के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद आगरा रेफर किया गया है।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सादाबाद पहुंचने पर चिकित्सकों ने लगभग 50 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। वहीं, दूसरे घायल की पहचान सादाबाद के नाला नगरिया निवासी आशु पुत्र डालचंद्र के रूप में हुई है। गंभीर हालत को देखते हुए आशु को प्राथमिक उपचार के बाद आगरा रेफर कर दिया गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान कराने का प्रयास शुरू कर दिया है। पुलिस परिजनों की तलाश कर रही है और दुर्घटना के कारणों की भी जांच की जा रही है।


महिला एवं पुरूष 45,000 होमगार्ड्स की भर्ती हेतु
One Time रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ

1 - अनुभवी - शिक्षकों द्वारा लिखित परीक्षा की तैयारी।
2 - सप्ताह दर सप्ताह टेस्ट की सुविधा।
3 - सीमित पाठ्यक्रम (Course) के माध्यम से परीक्षा की तैयारी की सुविधा।
4 - यदि किसी अभ्यर्थी के साप्ताहिक परीक्षा (Test) में नंबर सही नहीं आते तो उनको अलग से समय देकर तैयारी करायी जायेगी।
5 - लिखित परीक्षा से पहले ही परीक्षा में अच्छे नंबर लाने योग्य बनाया जायेगा।
6 - लिखित परीक्षा के साथ सेनावृति पुलिस एवं होमगार्ड्स के प्रशिक्षकों द्वारा फिजीकल की तैयारी कराने के सुविधा दी जाएगी।
7 - एकेडमी में लम्बाई एवं सीना नापने की की सुविधा भी उपलब्ध करायी जायेगी।
8 - ओ.टी.आर एवं आवेदन करने हेतु संपर्क करे।
जे.डी एकेडमी
जे.डी एकेडमी
पताः- तोमर कॉम्पलैक्स जगनेर रोड, धनौली, आगरा
डायरेक्टर :- जयवीर सिंह तोमर (EX. - कम्पनी कमांडर होमगार्ड्स उत्तर प्रदेश)
मो. 9412416081, 9997490901, 9634148448

NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र | न्यूज नेक्स्ट इंडिया | आगरा समाचार

# गैस सिलेंडर लीक से घर-दुकान में भीषण आग, लाखों का नुकसान

एनएनआई

**आगरा।** ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र के श्याम नगर में सुबह गैस सिलेंडर लीक होने से बड़ा हादसा हो गया। अचानक सिलेंडर में आग उठने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और सिलेंडर फटने की अफवाह से लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए। देखते-ही-देखते आग ने सोनू यादव के घर और उसमें बनी परचून की दुकान को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया। घटना के समय सोनू यादव अपनी दुकान बंशी प्रोविजन पर बैठे थे। तभी छोटे भाई की पत्नी ने चीखकर सिलेंडर में आग लगने की सूचना दी। परिवार के लोग अंदर भागे और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन गैस लीक होने के कारण लपटें तेजी से बढ़ती चली गईं। मोहल्ले वालों ने भी बाल्टी व रेत डालकर आग रोकने की कोशिश की, पर सफलता नहीं मिली। सूचना पर फायर ब्रिगेड करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू तो पा लिया, लेकिन तब तक घर और दुकान में रखा पूरा सामान राख हो चुका था। पीड़ित परिवार ने लगभग



20 लाख रुपए के नुकसान का दावा किया है। हादसे में पड़ोसी की बेटी की शादी का सामान, जो सोनू के घर के एक कमरे में रखा था, वह भी जलकर नष्ट हो गया। गनीमत यह रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

# एक्सीडेंट में पति की मौत के बाद घायल पत्नी ने भी तोड़ा दम

## तीन साल का बेटा हुआ अनाथ, आगरा की हीराबाग कॉलोनी में पसरा मातम

एनएनआई

**आगरा।** इटावा में 30 नवंबर को होने वाली शादी में शामिल होकर लौट रहे आगरा निवासी दंपती की सिरसागंज के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे परिवार को झकझोर दिया। हादसे में पति वरुण गोयल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी विमलेश राठौर गंभीर रूप से घायल हो गई। शुक्रवार दोपहर इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। हादसे के बाद हीराबाग कॉलोनी, प्रकाश कोल्ड स्टोरेज, टेढ़ी बगिया क्षेत्र में शोक छा गया है।

विमलेश एवं वरुण ने वर्ष 2022 में प्रेम विवाह किया था। दंपती का तीन साल का एक छोटा बेटा भी है। बताया गया कि विवाह के बाद लड़की के मायके वालों ने संबंध तोड़ दिए थे, जिसके बाद वह पति के परिवार के साथ ही रह रही थी। दंपती 30 नवंबर को इटावा में एक शादी



समारोह में शामिल हुए थे। 1 दिसंबर दोपहर को लौटते समय सिरसागंज के पास उनका वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसा इतना भीषण था कि वरुण गोयल की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल विमलेश को पहले फिरोजाबाद ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर आगरा के एस.एन. मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। करीब चार दिनों तक जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करने के बाद शुक्रवार की दोपहर विमलेश ने भी दम तोड़ दिया।

विमलेश की मौत के बाद ससुरालियों ने भी मौत के बाद मुंह मोड़ लिया। विमलेश के अंतिम संस्कार के लिए उसका भाई मोहित ससुर हरिओम प्रसाद गोयल, जेठ अरुण गोयल और देवर गौरव गोयल से बार-बार गुहार लगाता रहा के अंतिम समय में विमलेश के पुत्र के द्वारा उसका किया जाए लेकिन विमलेश के भाई मोहित के किसी भी सवाल का उन्होंने जवाब नहीं दिया। मोहित ने बताया कि ट्रॉमा सेंटर फिरोजाबाद से आगरा रेफर करते समय वहां की पुलिस ने उन्हें विमलेश के आभूषण और अन्य सामान वीडियोग्राफी के द्वारा सुपुर्द कर दिये गये थे। इंसानियत के नाते परिवार से मुंह मोड़कर वह अंतिम समय में अस्पताल पहुंचा लेकिन उसको अंतिम संस्कार के लिए भी भटकना पड़ रहा है। मोहित ने बताया कि अभी किसी भी तरह की कोई तहरीर पुलिस को नहीं दी गई है पोस्टमार्टम के बाद आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

# एनआरआई महिला के साथ लूट मामले में पुलिस खाली हाथ

एनएनआई

**आगरा।** थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र में एनआरआई महिला से पर्स लूट की वारदात को 24 घंटे से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन पुलिस अब तक किसी ठोस सुराग तक नहीं पहुंच पाई है। वहीं चर्चा है कि पीड़ित महिला का मोबाइल और खाली पर्स एत्मादपुर क्षेत्र में पड़ा मिला है। संदेह के आधार पर पुलिस ने पांच युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। घटना के बाद से पीड़िता अपनी निर्धारित अमेरिका फ्लाइट पकड़ नहीं सकीं। मूल रूप से हाथरस निवासी कुमारी बर्मन अमेरिका में रहती हैं। वह बेटी के साथ अपनी बहन की शादी में शामिल होने जयपुर गई थीं और दो दिन पहले शादी समारोह से आगरा लौटी थीं। उन्होंने संजय प्लेस स्थित होटल पीएल पैलेस में कमरा बुक किया था, जहां उनके साथ तीन अन्य रिश्तेदार भी रुके थे। गुरुवार शाम सभी तीन गाड़ियों से दिल्ली एयरपोर्ट के लिए निकले थे। कुमारी बर्मन अपनी बेटी के साथ एक टैक्सी में सवार थीं। उनके पास एक पर्स था जिसमें पासपोर्ट, 4000 डॉलर, 20 हजार रुपए नकद, दो आईफोन और महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे। झरना नाला के पास बदमाश उनका पर्स लूटकर फरार हो गए। पुलिस टीम लगातार जांच में जुटी है, लेकिन फिलहाल वारदात का खुलासा नहीं हो सका है।

# चलती अल्टो कार में लगी आग, बाल-बाल बचा परिवार



एनएनआई

- हाईवे पर दो किलोमीटर लंबा जाम, फायर ब्रिगेड ने एक घंटे में पाया काबू

**आगरा।** थाना एत्माद्दौला क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर जनहित हॉस्पिटल के पास शुक्रवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। वृंदावन दर्शन को जा रही एक अल्टो कार अचानक धू-धू कर जल उठी। गाड़ी में सवार परिवार ने समय रहते बाहर निकलकर जान बचाई, वरना हादसा और बड़ा हो सकता था। आग लगने के बाद हाईवे पर दो किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई।

कृष्णा कॉलोनी, टूंडला निवासी राजीव सरदाना अपनी पत्नी सिन्नी, बेटी वांशिका और सास प्रमिला कपूर के साथ सुबह करीब 9 बजे कार से निकले थे। करीब 10 बजे रॉयल चौराहा फ्लाईओवर पार करते ही कार के आगे दाहिने हिस्से से अचानक तेज धुआं उठने लगा। राजीव ने तुरंत गाड़ी को किनारे लगाया और परिवार को बाहर निकलने का निर्देश दिया। कुछ ही देर में धुआं आग में बदल गया और कार आग का गोला बन गई। लपटें इतनी भीषण थीं कि राहगीरों की भीड़ जमा हो गई और हाईवे पर यातायात थम गया। सूचना पर फायर ब्रिगेड और पुलिस मौके पर पहुंची।

करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गनीमत यह रही कि समय रहते सभी लोग कार से बाहर आ गए, जिससे किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। प्रशासन ने आग बुझाने के बाद हाईवे पर जाम खुलवाकर यातायात सामान्य कराया।


## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

\- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।


# जीएसटी अधिकारी को धमकी देने वाले हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

एनएनआई

**आगरा।** जीएसटी के एक सहायक आयुक्त को धमकी, ब्लैकमेलिंग और सरकारी कार्य में हस्तक्षेप करने के मामले में शाहगंज क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोबाइल यूनिट-10, राज्य कर विभाग आगरा में तैनात सहायक आयुक्त डॉ. निवेदिता सिंह ने शाहगंज क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर सहित कुछ अन्य व्यक्तियों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपियों में मेवाती गली सीओडी भोगीपुरा शाहगंज के हिस्ट्रीशीटर और उसके साथियों को रिपोर्ट में नामजद किया गया है। डॉ. सिंह का आरोप है कि इन लोगों द्वारा लगातार उन्हें जान से मारने की धमकी, अश्लील और अभद्र भाषा का प्रयोगकर 50 लाख रुपये की ब्लैकमेलिंग की जा रही थी। आरोपियों द्वारा उनके खिलाफ विभाग में की गई झूठी शिकायत को निपटाने के नाम पर उनसे भारी धनराशि की मांग की। आरोप है कि नामजदों के एक ट्रांसपोर्ट फर्म से करीबी संबंध है। उक्त लोग पहले भी कर चोरी में पकड़े गए वाहन के विरुद्ध की गई विभागीय कार्रवाई को प्रभावित करने को लगातार दबाव बनाते रहे हैं। धमकी दी गई कि उक्त ट्रांसपोर्ट के किसी भी वाहन की जांच या वैधानिक कार्रवाई की गई तो वे अधिकारी को नौकरी नहीं करने देंगे।

लगातार मिल रही धमकियों के कारण डॉ. निवेदिता सिंह ने अपनी व अपने परिवार की जान-माल की सुरक्षा को खतरा बताया है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपियों के मोबाइल नंबर, कॉल डिटेल्स और उनके पुराने क्राइम रिकॉर्ड की जांच की जा रही है।

# आगरा में तैनात अफसर की एक्सीडेंट में मौत

**आगरा** एनएनआई। आगरा-कानपुर हाईवे पर घुनपई के पास शुक्रवार देर रात ट्रैक्टर और ट्रक की भीषण भिड़ंत में चपेट में आने से आगरा में तैनात टैक्स पर्यवेक्षक अतुल प्रताप सिंह चौहान की मौत हो गई। वहीं, ट्रक में सवार चार लोग और ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद हाईवे पर जाम लग गया। अमित प्रताप सिंह चौहान (48) निवासी दीवानी के पीछे, सिद्धार्थ अपार्टमेंट, आगरा मूलरूप से एटा के सिरसाटिपो के रहने वाले थे।

वर्तमान में बतौर टैक्स पर्यवेक्षक उनकी तैनाती आगरा में थी। उनके एक सगे भाई विश्व प्रताप सिंह, आगरा में ही एडीआईओएस पद पर तैनात हैं और पत्नी योगिता सिंह माध्यमिक शिक्षा विभाग में शिक्षिका हैं। पुलिस के अनुसार अमित प्रताप सिंह, मैनपुरी में पेट्रोल पंप खोल रहे थे। वह अपने साथी अजय यादव के साथ पेट्रोल पंप पर ही गए थे।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
शनिवार, 06 दिसम्बर, 2025


# एक मंच पर दिखेगी यूपी की समृद्ध विरासत

- खादी, ग्रामोद्योग और परंपरागत हस्तशिल्प को नया बाजार देने के उद्देश्य से आगरा में 'खादी महोत्सव- 2025' का आयोजन
- स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और कारीगरों के जीवन स्तर को सुधारने की दिशा में योगी सरकार का एक प्रभावी प्रयास
- बल्केश्वर पार्क में 6 से 15 दिसंबर तक चलेगा खादी महोत्सव, 100 से अधिक उद्यमी कर रहे हैं प्रतिभाग
- सहारनपुर का फर्नीचर, वाराणसी की सिल्क साड़ियां और आगरा के लेदर उत्पाद

एनएनआई



**आगरा।** योगी सरकार प्रदेश की स्थानीय उद्यमिता, परंपरागत कला और खादी आधारित उद्योगों को नया जीवन देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। इसी कड़ी में शहर के बल्केश्वर पार्क में उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के तत्वावधान में 10 दिवसीय 'खादी महोत्सव 2025' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव 06 दिसंबर से 15 दिसंबर तक चलेगा।

इस आयोजन में खादी, ग्रामोद्योग, हस्तशिल्प और स्थानीय कला की समृद्ध विरासत को एक ही मंच पर प्रदर्शित किया जाएगा। प्रदेश के विभिन्न जिलों से 100 से अधिक उद्यमी और इकाइयां अपने उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री करेंगी, जिससे उन्हें व्यापक बाजार उपलब्ध हो सकेगा। प्रदर्शनी में केवल खादी के उत्पाद ही नहीं, बल्कि विभिन्न जिलों की विशिष्टताओं का भी संग्रह है। इसमें सहारनपुर के नक्काशीदार फर्नीचर, भदोही की कालीन, वाराणसी की रेशमी साड़ियाँ, प्रतापगढ़ के आंवला उत्पाद, लखनऊ की रॉयल हनी, माटी कला उत्पाद और आगरा के लेदर उत्पाद सहित अनेक स्वदेशी उद्योग आधारित उत्पाद उपलब्ध हैं।

यह पहल प्रदेश के ग्रामीण उद्यमों को बेहतर संसाधन और नए बाजार उपलब्ध कराती है, जो योगी आदित्यनाथ सरकार के 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' के विजन को मजबूत करता है।

### खादी फैशन शो होगा मुख्य आकर्षण

खादी महोत्सव का उद्घाटन केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल करेंगे। उद्घाटन के बाद महोत्सव में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा, जो इसे केवल एक व्यापारिक केंद्र ही नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक समागम भी बनाएगा। इन कार्यक्रमों में खादी फैशन शो, ब्रज की होली, मयूर नृत्य, महारास, भजन संध्या और कत्थक उत्सव जैसे मनमोहक कार्यक्रम शामिल होंगे, जो पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेंगे। परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी नीतू यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण उद्योगों को लगातार प्रोत्साहन दिया जा रहा है। खादी महोत्सव-2025 न केवल कारीगरों को सम्मान दिलाने का माध्यम है, बल्कि यह उनके उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाकर स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह आयोजन हमारे उद्यमियों के लिए नवाचार, व्यापार विस्तार और नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगा, जिससे उनका जीवन स्तर सुधरेगा।

## सीडीओ ने दिए टॉस्क फोर्स को टास्क



**आगरा (एनएनआई)।** जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स की समीक्षा बैठक में समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिए गये की के जी०बी०बी एवं पी०एम० विद्यालयों के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्हें समयान्तर्गत पूर्ण कराने के निर्देश दिए गये तथा निर्देश दिए गये कि निपुण परीक्षा की प्रस्तावित तिथि से पूर्व समस्त विद्यालयों में परीक्षा की तैयारी पूर्ण कर ली जाए। साथ ही सेवा प्रदाता के माध्यम से डी०पी०ओ०/ बी०आर०सी० पर रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया दिसम्बर माह के अन्त तक करने के निर्देश दिये गये।

## समय से डाटा न देने पर वित्त विहीन विद्यालयों पर होगी कार्रवाई

**आगरा (एनएनआई)।** जिला विद्यालय निरीक्षक चंद्रशेखर ने अवगत कराया है कि समस्त राजकीय माध्यमिक विद्यालय, अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय एवं वित्तविहीन मान्यता प्राप्त विद्यालय के समस्त प्रबन्धक / प्रधानाचार्य द्वारा अपने विद्यालयों में अध्ययनरत पंजीकृत छात्र छात्राओं का छात्रवृत्ति का डाटा फारवर्ड नहीं किया जा रहा है, जिसकी अन्तिम शनिवार को.समाप्ति की ओर है। बड़ी संख्या में वित्त विहीन मान्यता प्राप्त, अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों ने डाटा प्रेषित नहीं किया है।डाटा फारवर्ड नही करने के कारण विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ नही प्राप्त होगा। जनपद में संचालित समस्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रबन्धक / प्रधानाचार्य से पुनः अपील की जाती है कि तत्काल अपने-अपने विद्यालयों के छात्रवृत्ति का डाटा शत-प्रतिशत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इस विज्ञप्ति को नोटिस समझा जाये। अन्यथा की स्थिति में निम्नलिखित कार्यवाही अमल में लायी जा सकती है।

## आईएमए ने डॉक्टर के खिलाफ दर्ज मुकदमा वापस न होने पर आंदोलन का किया ऐलान




एनएनआई

**आगरा।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की जिला शाखा की हुई आपातकालीन कार्यकारिणी बैठक में सचिव सहित अन्य पदाधिकारियों के इस्तीफे स्वीकार नहीं किए गए। साथ ही एसोसिएशन ने डॉक्टर के खिलाफ दर्ज मुकदमा वापस न होने पर आंदोलन का ऐलान कर दिया। बैठक में संगठन एवं वर्तमान घटनाक्रमों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। अध्यक्ष डॉ पंकज नगायच ने एक दिन पूर्व भेजे गए सचिव एवं कुछ सदस्यों के इस्तीफों को सिरे से खारिज कर दिया। कार्यकारिणी ने भी इसका समर्थन किया। गौरतलब है कि एक दिन पूर्व संस्था के सचिव और कुछ अन्य पदाधिकारियों ने अपने इस्तीफे भेज दिए थे।बैठक में उजाला सिग्नस रेनबो हॉस्पिटल से जुड़े डॉ. अनुराग बंसल प्रकरण पर गहन विचार-विमर्श के बाद कहा गया कि डॉ. अनुराग बंसल के विरुद्ध दर्ज की गई एफआईआर सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के विपरीत एवं पूर्णतः अनुचित है। बैठक में कहा गया कि यदि शीघ्र न्याय नहीं हुआ, तो एसोसिएशन कानूनी, लोकतांत्रिक एवं राज्यस्तरीय आंदोलन करेगी। बैठक में लगभग 100 चिकित्सकों ने भाग लिया। बैठक में डॉ. सुनील शर्मा, डॉ. जेएन टंडन. डा डी वी शर्मा, डा नरेंद्र मल्होत्रा, डा जयदीप, डा रवि पचौरी, डा अनूप दीक्षित, डा संजय कुलश्रेष्ठ, डा ओ पी यादव, डा शम्मी कालरा, डा स्वाति, डा सीमा सिंह, डा आलोक मित्तल, डा मुकेश भारद्वाज डा मानवेंद्र शर्मा, डा पंचशील, डा अभिनव, डा निखिल शर्मा आदि ने विचार व्यक्त किए।

# 12 शख्सियतों को अलंकरण समारोह में किया जाएगा अलंकृत

### ब्रज रत्न अवार्ड के 9वें संस्करण को लेकर जूरी बोर्ड की बैठक संपन्न, रत्नों के चयन पर हुआ मंथन

- विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए नामित 60 विभूतियों पर जूरी सदस्यों ने किया मतदान

एनएनआई




**आगरा।** इनक्रेडिबल इंडिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित ब्रज रत्न अवार्ड के 9वें संस्करण को लेकर होटल लेमन ट्री में जूरी बोर्ड की बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी अलंकरण समारोह हेतु विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त नामांकनों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा रत्नों के चयन को लेकर गहन विचारझमंथन के बाद जूरी सदस्यों ने मतदान किया। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन के चेयरमैन पूरन डावर ने की। इस अवसर पर ब्रज रत्न अवार्ड एडवाइजरी बोर्ड के चेयरमैन स्क्वाड्रन लीडर एके सिंह, फाउंडेशन के वाइस चेयरमैन राजेश गर्ग, डॉ. नरेंद्र मल्होत्रा, शकुन बंसल, अनिल मगन सहित बोर्ड के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं जूरी सदस्यों ने कला, अभिनय, गायन, संगीत, फि ल्म, खेल, शिक्षा, स्वास्थ्य, साहित्य और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों के नामों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। फाउंडेशन के चेयरमैन पूरन डावर ने कहा कि ब्रज रत्न अवार्ड केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि ब्रजभूमि की उन विभूतियों का वास्तविक उत्सव है जिन्होंने अपने निस्वार्थ योगदान से समाज और राष्ट्र को नई दिशा दी है। स्क्वाड्रन लीडर एके सिंह ने कहा कि प्रतिवर्ष भव्य स्तर पर आयोजित यह प्रतिष्ठित सम्मान अपनी पारदर्शी, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित चयन प्रक्रिया के कारण विशिष्ट पहचान रखता है। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित करने की यह परंपरा वास्तव में प्रशंसनीय है। फाउंडेशन के वाइस चेयरमैन राजेश गर्ग ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए नामित 60 विभूतियों के नामों पर जूरी सदस्यों ने मतदान किया जिसके आधार पर चयनित 12 शख्सियतों को आगामी अलंकरण समारोह में अलंकृत किया जाएगा।

आगामी माह में प्रस्तावित अलंकरण समारोह की विस्तृत रूपरेखा, मुख्य अतिथि, कार्यक्रम स्थल एवं आयोजन से संबंधित अन्य सभी व्यवस्थाओं को शीघ्र अंतिम रूप दे दिया जाएगा, जिसके उपरांत इस वर्ष के अवार्डियों एवं समारोह की तिथि की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

# जनक महल में प्रेम मंदिर के स्वरूप में विराजेंगे खाटू के राजा

- एमडी जैन मैदान में चित्र विचित्र महाराज की जोड़ी मचाएगी धमाल
- तीन दिवसीय श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव के आमंत्रण पत्रिका का हुआ विमोचन



एनएनआई

**आगरा।** तीन दिवसीय महोत्सव के तहत एमडी जैन ग्राउंड में बहेगी भक्ति की रसधार। रमणीक श्रृंगार में जनक महल में प्रेम मंदिर के स्वरूप में विराजमान खाटू श्याम बाबा के दर्शन के लिए उमड़ेगा श्रद्धालुओं का हुजूम। संकीर्तन में करोंडो भक्तो के दिलो पर राज करने वाले वृन्दावन से भजन गायक चित्र विचित्र महाराज की जोड़ी और पटना से भजन गायिका रेशमी शर्मा के भजनों पर झूमेंगे। कमला नगर स्थित बी.बी ग्राण्ड होटल में शुक्रवार को श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव की आमत्रण-पत्रिका विमोचन कार्यक्रम के दौरान ये जानकारी श्री श्याम लाडला परिवार सेवा समिति के अध्यक्ष नीरज गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि लाडला परिवार के सातवें स्थापना दिवस की तैयारियां जोरो से चल रही है। कलकत्ता के कारीगर श्याम दरबार के सोनू गोयल के निर्देशन में बंगाल के पच्चीस कारीगरों द्वारा संगमरमर थीम पर सौ फुट चौड़ा और चालीस फुट ऊँचा दरबार बनाया जा रहा है। उपाध्यक्ष विष्णु खंडेलवाल ने बताया कि कार्यक्रमों की शुरूआत 13 दिसंबर को सुबह गौ दान, अनाथालय सेवा व शाम को पोशाक अर्पण रथयात्रा, 14 को सुबह लाड़ली बहना विवाह समारोह व शाम को मेहंदी उत्सव और 15 को रात्रि में श्याम संकीर्तन में रेशमी शर्मा और चित्र विचित्र बिहारी दास महाराज अपने भजनों से श्याम बाबा को रिझायेंगे। एमडी जैन मैदान पर संकीर्तन और श्याम बाबा का भव्य दरबार के साथ अलौकिक मेवा का श्रृंगार, छप्पन भोग, अखंड ज्योति, पुष्प और इत्रवर्षा जाएगी। महामंत्री राजीव अग्रवाल ने बताया कि संकीर्तन में भजन गायक भरतपुर से नरेश खत्री, मथुरा से यश सिंघल और शुभम गोयल अपने भजनों से बाबा को रिझायेंगे। पोशाक रथ यात्रा में श्याम पालकी निकली जाएगी। महिलाए संकीर्तन से पूर्व श्याम नाम की मेंहदी उत्सव में मेंहदी लगवाएंगी। लाड़ली बहना विवाह समारोह में सात आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की कन्याओ का विवाह किया जायेगा। इस अवसर पर दीपांशु अग्रवाल, प्रान्शू अग्रवाल, सौनेन्द चौहान, अमित गोयल, हर्ष अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, अनुराग गुप्ता, विनय अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, कपिल वर्मा, सचिन गर्ग, रोबिन गुप्ता, रवि गुप्ता, कुशाग्र बंसल, अमित अग्रवाल, रूपेंद्र चौहान, गौरव जादोन, अमित वर्मा आदि मौजूद रहे।

# जीएसटी एनुअल रिटर्न फाइलिंग के समय सामान्य त्रुटियों से करें बचाव

- एनुअल रिटर्न, जीएसटीआर-9 के हालिया संशोधनों और प्रोफेशनल एथिक्स पर हुआ सेमिनार का आयोजन




एनएनआई

**आगरा।** द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की आगरा शाखा की ओर से एनुअल रिटर्न जीएसटीआर-9 और रिसेंट अमेंडमेंट्स पर सेमिनार का आयोजन संजय प्लेस स्थित फेयरफील्ड बाय मेरियट होटल में किया गया। शुभारम्भ अध्यक्ष सीए गौरव सिंघल, सचिव सीए अंकित मित्तल, उपाध्यक्ष सौरभ सक्सेना, कोषाध्यक्ष सीए करण पंजवानी, सिकासा अध्यक्ष सीए आयुष गोयल, कार्यकारिणी सदस्य सीए साक्षी विवेक जैन और सीए सचिन बूबना ने दीप प्रवज्जलित कर किया। वक्ता सीए नव्या मल्होत्रा ने बताया कि जीएसटी अनुपालन से जुड़े विभिन्न प्रावधानों, वर्ष 2024-25 के नए संशोधनों और फाइलिंग के दौरान होने वाली सामान्य त्रुटियों से बचना होगा। जीएसटीआर-9 में आवश्यक आंकड़ों के मिलान, आईटीसी रेकन्सीलिएशन, टर्नओवर रिपोर्टिंग तथा छूटों से संबंधित लाभ को लेने के लिए विभिन्न बिंदुओं सरल रूप में समझना होगा। हालिया संशोधनों का मुख्य उद्देश्य रिटर्न प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाना है। इससे व्यापारियों को वार्षिक रिटर्न फाइलिंग में काफी सुविधा मिलेगी और विभागीय नोटिस व दंड से बचाव भी होगा। वक्ता सीए नकुल अरोड़ा ने बताया कि ऑडिट डॉक्यूमेंटेशन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं में जैसे वर्किंग पेपर्स की तैयारी, साक्ष्य संग्रह, जोखिम आकलन व सत्यापन प्रक्रिया के लिए उचित डॉक्यूमेंटेशन न केवल ऑडिट गुणवत्ता को मजबूत बनाता है, बल्कि भविष्य में उठने वाले किसी भी विवाद में ठोस आधार भी प्रदान करता है। कोड ऑफ एथिक्स में पेशे में निष्पक्षता, स्वतंत्रता, गोपनीयता, पारदर्शिता और व्यावसायिक व्यवहार के सिद्धांतों को समझना होगा। सेमिनार में पेशेवर चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने प्रश्नोत्तर सत्र में व्यावहारिक समस्याएँ रखीं जिनका विशेषज्ञों ने समाधान किया। इस अवसर पर पुनीत अग्रवाल, मनोज चौधरी, अजय जैन, लोकेश गर्ग, अंशु अग्रवाल, राजीव गोयल, संध्या शर्मा आदि मौजूद रहे ।

# किसानों को दिए खेती के उपयोगी सुझाव

## कृषक वैज्ञानिक संवाद एंव एक दिवसीय तिलहन मेला आयोजन



एनएनआई

**आगरा।** शुक्रवार को कृषि विज्ञान केन्द्र, बिचपुरी प्रांगण में विश्व मृदा दिवस के अवसर पर कृषक वैज्ञानिक संवाद एंव एक दिवसीय तिलहन मेला आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कृषि विभाग के साथ-साथ मृदा स्वास्थ्य परीक्षण प्रयोगशाला, जे0यू0एग्री साइन्स प्रा.लि. दयाल फर्टिलाइजर प्रा.लि. मेरठ, यारा फर्टिलाइजर, अलीगढ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्थापित स्टालों पर अपने से सम्बन्धित उत्पादों एंव प्रसार से सम्बन्धित सामिग्री का वितरण किया गया।

उक्त कार्यक्रम में विधायक चौधरी बाबूलाल द्वारा धरती माता बचाओ अभियान के अन्तर्गत संतुलित उर्वरकों के प्रयोग के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराते हुए कृषि विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यो की प्रशंसा की गयी तथा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियो एंव कृषकों को मृदा स्वास्थ्य के सम्बन्ध में शपथ दिलायी गयी। जिलाध्यक्ष भारतीय किसान मोर्चा देवेन्द्र रावत ने प्राकृतिक खेती के प्रयोग से होने वाले लाभों तथा रसायनिक उर्वरकों के प्रयोग से होने वाली हानियों के बारे में अवगत कराया गया। श्री सतोंष कुमार सविता, संयुक्त कृषि निदेशक, आगरा मण्डल आगरा द्वारा कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी। मोहन सिंह चाहर, किसान नेता द्वारा जैविक खेती एंव प्राकृतिक खेती करने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया साथ ही अनुरोध किया गया कि कृषकों की आय बढाने हेतु उनकी फसल का सही मूल्य कृषक को प्राप्त हो सके के बारे में प्रयास किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित कृषि वेज्ञानिकों द्वारा उपस्थित कृषकों को कृषि की नवीनतम जानकारी प्रदान करते हुए तिलहनी फसलों पर प्रकाश डाला गया तथा मृदा नमूना किस प्रकार संग्रह किया जाये तथा ग्रहित नमूनों के परीक्षण उपरान्त दी जाने वाली जानकारियों का प्रयोग किस प्रकार किया जाये की विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी।



# डीपीएस में जोश-जुनून के साथ खेल दिवस संपन्न

एनएनआई

**आगरा।** दयालबाग स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल समारोह में विद्यार्थियों ने खेल सम्बन्धी अनेक प्रतियोगिताओं में अपना दम दिखाया। खेल महोत्सव का शुभारम्भ रणजी खिलाड़ी और कोच केके शर्मा द्वारा मशाल प्रज्वलित करके किया गया।

छात्रों ने ड्रिल का शानदार प्रदर्शन करके कार्यक्रम का आगाज किया। विद्यार्थियों ने विविध दौड़ों में हिस्सा लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने स्केटिंग और योग की विभिन्न मुद्राओं के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। प्रत्येक प्रस्तुति मनमोहक एवं शानदार थी। गीत-संगीत के सुरों ने पूरे कार्यक्रम को एक अनोखा स्वरूप दिया। दिल्ली पब्लिक स्कूल आगरा दयालबाग के खेल प्रांगण में विद्यार्थियों ने यह सिद्ध कर दिया कि वे भविष्य में भारत का नाम स्वर्णिम अक्षरों में विश्व पटल पर आलोकित करेंगें। प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करतल ध्वनि के साथ हुआ।

विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि ने मैडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। हैड मिस्ट्रैस निधि सिंह ने छात्रों के प्रयास व सराहनीय प्रदर्शन की प्रशंसा की एवं खेलों को जीवन का महत्त्वपूर्ण अंग बताते हुए कहा कि खेलों के द्वारा मानवीय मूल्यों का रोपण होता है। खेल के मैदान में ही मानवीय गुणों की उत्पत्ति होती है।।






# टीसा में उड़ान के साथ मनाया खेल उत्सव

एनएनआई

**आगरा।** द. इंटरनेशनल स्कूल आगरा में विद्यालय का उड़ान थीम पर आधारित वार्षिक खेल बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रांगण में सुबह से ही छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों की उपस्थिति ने माहौल को ऊर्जा और जोश से भर दिया। इस पर मुख्य अतिथि के रूप में गनिन्दर सिंह (भूतपूर्व भारतीय किकेट खिलाड़ी) ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

अल्टीयस, कार्यक्रम की शुरूआत आकर्षक मार्च पास्ट से हुई, जिससे सभी बारों हाउस सीटियस, फोर्टयस और मैग्नस के छात्रों ने अनुशासन, तालमेल और आत्मविश्वास का अद्भुत प्रदर्शन किया। इसके बाद स्कूल के उप-प्राचार्य वरूण कुमार शर्मा द्वारा शपथ ग्रहण कराई गयी। जिसमें प्रतिभागियों का खेल भावना और निष्पक्षता का पालन करने का संकल्प लिया। खेल मैदान पर विभिन्न ट्रैक और फील का आयोजन किया गया। 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, से मुकाबलों में छात्रों ने शानदार उत्साह और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत फन रेस के नाम हूला दूप रेस, हरडल रेस, पूल दा रिंग रेस, योगा प्रस्तुति, और जुम्बा डांस ने कार्यक्रम में रंग भर दिए।वार्षिक खेल उत्सव के अवसर पर विद्यालय की ओर से छात्रों को सम्मान पत्र ट्रॉफी और विशेष मेडल प्रदान किए गए जिन्होंने एथलेटिक्स, ताइक्वांडो, योग, बैडमिंटन, क्रिकेट, आदि विधाओं में राष्ट्रीय स्तर पर शानदार उपलब्धियों हासिल की तथा वहीं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा 1 से लेकर 12 वी तक के चयनित प्रतिभाशाली और मेघावी छात्र एव छात्राओं को विद्यालय को विशेष ब्लेजर पहनाकर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान दर्शकों ने जोरदार तालियों से इन बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

दिनभर के रोमांचक मुकाबलों के बाद सर्वाधिक अंक अर्जित कर स्पोट्स ट्रॉफी 2025 पर अपना कब्जा जमाया। मुख्य अतिथि ने विजेताओं को ट्रॉफी व मेडल प्रदान किए और सभी प्रतिभागियों को खेल के क्षेत्र में निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

# सरस्वती विद्या मंदिर में पांच कर्तव्यों पर हुई कार्यशाला



एनएनआई

**आगरा।** सरस्वती विद्या मंदिर कमला नगर में विद्या भारती प्रांत संगठन मंत्री ब्रज प्रदेश हरिशंकर का मार्गदर्शन आगरा जनपद के विद्या भारती के अंतर्गत संचालित विद्यालय के आचार्य व प्रधानाचार्य को प्राप्त हुआ। इसमें 170 आचार्यों व आचार्याओ की विद्यालय व छात्रों के सर्वांगीण विकास में किस प्रकार भूमिका हो सकती है तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में जिस बात का महत्वपूर्णता से पालन करने की बात कही गई है। ऐसे पंच कर्तव्यों का पालन करने का आग्रह किया।जिससे राष्ट्र समृद्ध और मजबूत बने। बैठक में प्रदेश निरीक्षक ब्रज प्रदेश यशवीर, प्रदेश निरीक्षक शिशु शिक्षा समिति हरवीर सिंह, सरस्वती शिक्षा परिषद आगरा के मंत्री सी. ए महेंद्र गर्ग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सरस्वती विद्या मंदिर के वरिष्ठ आचार्य सुनील कुमार चौधरी ने किया। धन्यवाद प्रधानाचार्य कृष्ण कांत द्विवेदी द्वारा किया गया।

# गायों के लिए खाना, दवाइयां उपलब्ध कराईं

एनएनआई

**आगरा।** गौ सेवा को समर्पित 'गौ सेवा संकल्प परिवार' द्वारा पीएफए दयालबाग आगरा में गौ सेवा व सर्व पशु सेवा की गयी। यह जानवरों का अस्पताल है। यहाँ सभी घायल व असहाय जानवरों का इलाज किया जाता है, यह सब कार्य यहाँ की प्रमुख ऋचा गुप्ता द्वारा किया जाता है।



सर्वप्रथम गौ माता की पूजा की गई। सभी ने वहां उपस्थित बीमार व घायल गौ माताओं को व वहां के अन्य जानवरों को भी चोकर, हरा चारा, हरी सब्जी, चना दाल, गुड़, केले, रोटी, टोस्ट, दूध, बाजरा, भुना चना, वन आदि खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी गौ सेवकों द्वारा गौ माता व वहाँ के सभी जानवरों के लिए भोजन, दवाइयाँ, कम्बल, हीटर व गौ रक्षकों के लिए भी कपड़ों का प्रबंध किया गया। रितु गोयल, रचना कपूर, साक्षी शर्मा व संजय कुमार ने सब व्यवस्थाएं संभाली।

रीता शर्मा, सपना गोयल, रजनी अग्रवाल, विजय कपूर, आर के जैन, रीता जैन,आर के कपूर, अवधेश उपाध्याय, वंदना परिहार, एस.के बग्गा, पीयूष गर्ग, प्रतीक्षा गर्ग, मोंटी अग्रवाल, दीपा मित्तल, डॉ कल्पना पोरवाल, रेखा रानी, बब्बल परमार, आराधना श्रीवास्तव, राजकुमारी पाराशर, मीना सिंह, वीना कौशिक, नीनू सिंघल, डॉली अग्रवाल, शिखा अग्रवाल, रीता अग्रवाल, रश्मि चोपड़ा, पूजा भूमिक, जगदीप कपूर, पूनम अग्रवाल, प्रभा गुप्ता, अनीता सान्याल, कीर्ति अग्रवाल, सीमा पांडे, ममता मित्तल, शालिनी गुप्ता, डॉ रचना अग्रवाल, संजीव गोयल, नीतू अग्रवाल, सभी का सहयोग रहा।

संस्थापक अध्यक्ष रितु गोयल ने बताया कि गौसेवा में पर्यावरण को बचाने के लिए सभी को हमेशा जागरूक किया जाता है व पानी व चाय के लिए प्लास्टिक के गिलास की जगह स्टील के गिलासों का प्रयोग होता है। कार्यक्रम के अंत में सभी गौ सेवकों द्वारा सर्वाधिक कार्यशील गौ सेवक के रूप में अरविंद शर्मा जी को पटका व शील्ड देकर सम्मान किया गया।

# एसआईआर को लेकर भाजपाइयों ने की समीक्षा बैठक

एनएनआई




**आगरा।** फतेहाबाद स्थित सरोवर होटल में मतदाता विशेष गहन पुनिरीक्षण अभियान को लेकर समीक्षा एवं योजना बैठक का आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह रहे।

प्रदेश महामंत्री धर्मपाल सिंह ने शुक्रवार को मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा एवं योजना बैठक में आगरा जिला एवं महानगर के अभियान के संयोजक, मंडल अध्यक्ष, बीएलए-1 के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया लोकतंत्र का जनजागरण है। एसआईआर केवल प्रशासनिक औपचारिकता नहीं है, बल्कि चुनावी प्रक्रिया को प्रामाणिक बनाने की आधारशिला है।

धर्मपाल सिंह ने कहा कि त्रुटिहीन, प्रामाणिक तथा सत्यापित मतदाता सूची लोकतंत्र का आधार है और लोकतंत्र की मजबूती का संकल्प ही हमारा ध्येय है। इस ध्येय की प्राप्ति के लिए कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि समग्र रूप से इस कार्य में जुटें। मतदाता शुद्धिकरण का यह अभियान गांव की गलियों, कस्बों, बस्तियों और शहरों के द्वार-द्वार तक दस्तक देने का संकल्प है। हर घर, हर बूथ और हर नागरिक तक पहुंचकर सहयोग सुनिश्चित करना ही हमारा कर्तव्य है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री रामप्रताप सिंह चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर पाठक,बृजक्षेत्र अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य,प्रदेश मंत्री विजय शिवहरे,जिलाध्यक्ष प्रशान्त पौनिया, महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता,जिला प्रवासी कन्हैया लाल गुप्ता, महानगर प्रवासी राकेश संखवार, जिला संयोजक अभियान जिला मंत्री सहदेव शर्मा, महानगर संयोजक महेश शर्मा उपस्थित रहे।

# बाजरा खरीद केंद्र का लक्ष्य नहीं बढ़ाये जाने से किसान परेशान

एनएनआई



**फतेहपुर सीकरी।** अनाज मंडी स्थित बाजरा खरीद केंद्र पर लक्ष्य के आधार पर की जा रही खरीद के चलते किसानों का बाजरा नहीं खरीदे जाने पर किसान हफ्तों से परेशान है। दर्जनों किसान बाजरा लेकर कई कई दिन से खड़े हैं मगर बाजरा की तोल नहीं हो पा रही है।

बता दें फतेहपुर सीकरी में की अनाज मंडी में दो सरकारी बाजार खरीद केंद्र चल रहे हैं जिन पर बीस हजार क्विंटल बाजरा खरीदने का लक्ष्य है।मगर इनमें से एक केंद्र पर 7200 क्विंटल बाजरा खरीदा जा चुका है वहीं दूसरे केंद्र पर 4000 कुंतल बाजार खरीदा जा चुका है। मगर फिर भी सैकड़ों किसानों का बाजार रजिस्ट्रेशन होने के बाद भी नहीं खरीदा जा सका है। केंद्र प्रभारी गंगा प्रसाद यादव ने बताया कि हमारे यहां पर 1800 किसानों ने रजिस्ट्रेशन किए हैं। जिनसे 90000 कुंतल की खरीद हो सकती है। मगर हमारे दोनों केदो पर 20000 कुंटल का ही लक्ष्य है ऐसी स्थिति में बहुत किसान रह जाएंगे। ग्राम दाउदपुर के प्रधान एवं किसान थान सिंह ने बताया कि केंद्र के लक्ष्य को किसानों के रजिस्ट्रेशन के अनुरूप बढ़ाया जाना चाहिए। ग्राम नगला दधीराम के किसान मदन मोहन शर्मा, हुकम सिंह, विष्णु , मंडी मिर्जा खान की शिव देवी आदि ने बताया कि उनका रजिस्ट्रेशन दो-दो महीने पहले हो चुका है मगर उनकी बाजरे की खरीद अभी तक नहीं हो सकी है। कई किसान विगत 8 दिन से अपने बाजरा को ट्रैक्टर ट्रालियों में भरकर खड़े हुए हैं। मगर उनके खरीद नहीं हो सकी है वहीं कुछ किसानों का आरोप है कि प्रभारी की मिली भगत से अन्य लोगों का बाजरा भी खरीदा जा रहा है।

## बंधुआ मजदूरों को भट्टे से मुक्त कराए जाने की डीएम से गुहार

एनएनआई

**भोगांव।** महोबा जनपद के एक व्यक्ति ने जिलाधिकारी से बंधुआ मजदूरों को भट्टे से मुक्त कराए जाने की गुहार लगाई है। जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक एवं उपजिलाधिकारी को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है।

जनपद महोबा के थाना कौनवारी के विजयपुर निवासी बल्ला प्रतापति पुत्र गोपाल कुमार ने जिलाधिकारी को भेजी गई शिकायत में कहा है कि लगभग 10 दिन पूर्व से उसके साथी महेश, पार्वती, जयपाल, गायत्री देवी दाला सिंह, गीता देवी, लखन आदि सहित लगभग डेढ़ दर्जन लोगों को तहसील भोगांव के थाना कुर्रा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुरारी स्थित एक ईट भट्टे पर काम करने के लिए लगाया था। जब उसने अपने साथियों को काम पर लगाया था तो भट्टा मालिकों ने उसे 900 रुपए प्रति हजार ईट पाथने पर मजदूरी पर लगाया था।

पीड़ित ने भट्टा मालिक पर आरोप लगाया है कि दो तीन दिन काम करने के बाद साथियों की भट्टा मालिक ने उत्पीड़न करते हुए बंधक मजदूर बना लिया है और अमानवीय व्यवहार करते हुए उन्हें मजदूरी भी नहीं दी जा रही है और न ही खाने पीने के लिए उन्हें सुविधा उपलब्ध कराई गई है। पीड़ित ने जिलाधिकारी से साथी मजदूरों को बंधक मुक्त कराकर उन्हें मजदूरी दिलाए जाने ओर भट्टा मालिक के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है।

जिलाधिकारी ने मामले को गंभीर मानते हुए जांच क्षेत्राधिकारी भोगांव एवं उपजिलाधिकारी भोगांव संध्या शर्मा को भेजी है।

## किशनी विधायक निधि से आंबेडकर पार्क का निर्माण कराए जाने की मांग

एनएनआई

**भोगांव।** ग्राम मधुपुरी के ग्रामीणों ने किशनी विधायक निधि से आंबेडकर पार्क का निर्माण कराए जाने की गुहार लगाई है। परियोजना निदेशक ने उपजिलाधिकारी को पत्र लिखकर निर्माण कार्य हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिए जाने को कहा है।

परियोजना निदेशक सतेंद्र सिंह ने उपजिलाधिकारी संध्या शर्मा को भेजे गए पत्र में कहा है कि क्षेत्रीय विधायक ब्रजेश कठेरिया विधायक किशनी ने ग्राम मधुपुरी ग्राम पंचायत एलाऊ विकासखंड किशनी में जनता की मांग पर विधायक निधि से अम्बेडकर पार्क का निर्माण कराए जाने प्रस्ताव किया है परियोजना निदेशक ने एसडीएम से संबंधित अंबेडकर भूमि की फर्द खतौनी भूमि प्रबंध समिति के प्रस्ताव आदि के साथ अम्बेडकर पार्क निर्माण हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर भेजे जाने को कहा है। एसडीएम ने तहसीलदार को मामले में कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## मेला के बाद बटेश्वर के विकास में आई तेजी

एनएनआई



**बाह।** बटेश्वर में यमुना की बाढ़ से पचमुखी महादेव मंदिर के पास विसरांत में गड्ढे हो गये थे। सुरक्षा दीवार टूट गई थी। बटेश्वर मेला के बाद मंदिर कारीडोर के विकास के काम में तेजी आई है। कारीडोर में पत्थर लगाए जा रहे हैं। जबकि पचमुखी महादेव मंदिर पर हुए गड्ढों को भर दिया है। जिससे खराब रास्ता भी ठीक हो गया है। बटेश्वर में 106 करोड़ की लागत से हो रहे पर्यटन विकास के काम में तेजी आ गई है। ठेकेदार आलोक गर्ग, श्रीनिवास गोयल, बीके चौहान, जेई दीपक कुमार, पंकज कुमार, बिंटू सिंह, पीयूष गुप्ता ने बताया कि पचमुखी महादेव मंदिर के पास यमुना नदी की बाढ़ से विसरांत खोखली हो गई थी। ढांचे को मजबूत किए जाने के साथ लाल पत्थर बिछाए जाने का काम शुरू हो गया है। मंदिर कारीडोर में भी तरासने के बाद पत्थर लगाए जा रहे हैं।

## कब्जे की शिकायत पर राजस्व विभाग ने रुकवाया काम

**बाह** एनएनआई। राटौटी में महिला किसान की जमीन पर अवैध निर्माण की शिकायत पर एसडीएम द्वारा भेजी गई टीम ने निर्माण कार्य रुकवा दिया। राटौटी में महिला किसान संगीता देवी की जमीन पर अवैध कब्जा किए जाने का मामला भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के तहसील अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौहान ने एसडीएम संतोष कुमार शुक्ला के सामने उठाया। जिस पर एसडीएम ने नायब तहसीलदार दया चंद पौरुष, क्षेत्रीय लेखपाल अमित कटारा की टीम मौके पर भेजी। मौके पर निर्माण कार्य होता हुआ मिला, जिसे टीम ने रुकवा दिया। महिला किसान को जल्द ही समस्या के स्थायी समाधान का आश्वासन दिया है।

## नहर पर बिजली का पोल रखकर निकलने को मजबूर ग्रामीण

एनएनआई



**पिनाहट ।** थाना पिढ़ौरा क्षेत्र के ग्राम रजौरा के उपगांव जोर के ग्रामीण आज भी मूलभूत सुविधा से वंचित हैं। गांव को जाने वाला करीब 700 मीटर का मुख्य मार्ग कच्चा होने के कारण ग्रामीणों को नहर पार करने के लिए बिजली का पोल रखकर गुजरना पड़ रहा है। यह अस्थायी व्यवस्था न केवल असुविधाजनक है, बल्कि ग्रामीणों की जान के लिए भी बड़ा खतरा बनी हुई है।

ग्रामीण रामनिवास ने बताया कि खेतों की रखवाली के लिए ग्रामीणों को रात में भी इसी पोल पर चलकर नहर पार करनी पड़ती है। वर्तमान में नहर में पानी चल रहा है, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री पोर्टल सहित अन्य विभागों में कई बार लिखित शिकायतें की गईं, लेकिन अब तक पुलिया का निर्माण नहीं हो सका है। लगभग एक वर्ष से लगातार शिकायत करने के बावजूद विभागीय कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश है।

## वन विभाग ने ग्रीन चौपाल लगा कर किया जागरूक

एनएनआई

**पिनाहट।** वन विभाग ने शुक्रवार को ग्रीन चौपाल के तहत ग्रामीणो को जागरूक किया। जानकारी के अनुसार नगला भरी मे बन दरोगा कार्तिक ने ग्रामीण को ग्रीन चौपाल के तहत जागरूक करते हुए। बताया हमको पौधों मे पानी की मात्र की जरुरत होती है। प्रदुषण से बचाव करना चाहिए। पौधों की हमें देख-रेख करनी प्रत्येक ग्रामीणो की जुम्मेदारी होती है । अपने जीवन में ज्यादा नहीं तो एक पौधा अवश्य लगाए। इस दौरान अनिल चौधरी बन रक्षक, बन रक्षक सोनवीर सहित ग्राम प्रधान उदय सिंह परिहार आदि रहे।

## ग्राम पंचायत सचिवों ने दिया धरना, ज्ञापन सौंपा

एनएनआई



**फतेहपुर सीकरी।** ग्राम पंचायत/ विकास अधिकारी संघ द्वारा ऑन लाइन हाजिरी एवं अन्य समस्याओं को लेकर ब्लॉक कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन ए डी ओ आई एस बी को सौंपा गया। धरना प्रदर्शन के बाद सभी सचिव सरकारी व्हाट्सएप ग्रुपों से भी अलग हो गए।

बता दे कि ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी संघ के द्वारा ग्राम सचिवों से मूल विभागीय दायित्वों के अतिरिक्त बिना कोई संसाधन उपलब्ध कराये अन्य विभागों के कार्य लिए जाने एवं अव्यावहारिक ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली के विरोध में विगत 1 दिसंबर से सत्याग्रह आंदोलन किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड कार्यालय पर सभी सचिवों द्वारा दोपहर 1:00 बजे तक धरना प्रदर्शन दिया किया गया। तत्पश्चात प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन एडीओ आईएसबी गिरीश कुमार अग्रवाल को सोपा गया। ज्ञापन में सचिवों का ऑनलाइन उपस्थित अंकित करना अव्यवहारिक है, पंचायत सचिव का कार्य वर्तमान में मांग आधारित न होकर लक्ष्य आधारित होने के विरोध में, सचिवों से उनके विभागों के अलावा अन्य विभागों का कार्य कराए जाने के संबंध में एवं कई अन्य प्रमुख समस्याओं को लेकर ज्ञापन में उल्लेखित किया गया है। ज्ञापन देने के पश्चात सभी सचिव सरकारी व्हाट्सएप ग्रुपों से पृथक हो गए। इस मौके पर सचिव वेदप्रकाश बघेल, हरिमोहन सोलंकी, राहुल सिंह रावत, हरेंद्र पाल सिंह, दीक्षा गुप्ता, मोहित यादव, जितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## संपादकीय

# कैसी होगी राज्यसभा की नई तस्वीर

अगले साल अप्रैल, जून, जुलाई और नवंबर में राज्यसभा के कुल 71 सांसद रिटायर हो रहे हैं। गौरतलब है कि अगले साल राज्यसभा की कुल 71 सीटें खाली हो रही हैं। इनमें से 37 सीटें अप्रैल में खाली होंगी, जबकि 22 सीटें जून में, एक सीट जुलाई में और 11 सीटें नवंबर में खाली होंगी, जिनमें से यूपी की 10 और उत्तराखंड की एक सीट है। उससे पहले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव हैं। इन पांच में से तीन राज्यों पश्चिम बंगाल, असम और तमिलनाडु की 14 राज्यसभा सीटों पर चुनाव होना है। पश्चिम बंगाल की पांच, तमिलनाडु की छह और असम की तीन सीटें अगले साल खाली होने वाली हैं। ये सभी सीटें अप्रैल में खाली हो रही हैं, जबकि विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया मई में पूरी होगी। इसलिए विधानसभा चुनाव के नतीजे चाहे जो हों राज्यसभा के नतीजे पर ज्यादा असर नहीं होने वाला है। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में एक एक सीट का फर्क आ सकता है। बंगाल में भारतीय जनता पार्टी को एक सीट मिल सकती है और तमिलनाडु में अन्ना डीएमके एक सीट जीत सकती है। असम में तीसरी सीट पर जबरदस्त लड़ाई की संभावना है क्योंकि पिछली बार निर्दलीय उम्मीदवार अजित कुमार भुइयां को समर्थन देकर भाजपा ने चुनाव जिता दिया था। इस बार कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियां इस सीट पर जोर लगाएंगी।तमिलनाडु में छह सीटें खाली हो रही हैं, जिनमें से पांच सीटें सत्तारूढ़ डीएमके की हैं, जबकि एक सीट तमिल मनीला कांग्रेस के जीके वासन की है। यह सीट इस बार अन्ना डीएमके के खाते में जा सकती है। 234 के सदन में इस बार एक राज्यसभा सीट जीतने के लिए 33 वोट की जरुरत है। अन्ना डीएमके और भाजपा के पास 64 वोट हैं। इस नाते वे एक सीट जीत सकते हैं। बाकी पांच सीटें डीएमके को मिलेंगी।पश्चिम बंगाल में खाली हो रही पांच में से एक सीट भाजपा को मिल सकती है। अभी पांच में से चार सीटें ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के पास हैं, जबकि एक सीट सीपीएम के बिकास रंजन भट्टाचार्य की है। 294 के सदन में एक सीट जीतने के लिए 43 वोट की जरुरत है। 65 विधायकों के साथ भाजपा एक सीट जीत सकती है। सो, जिन राज्यों में अगले साल विधानसभा के चुनाव हैं वहां से कोई तस्वीर नहीं बदलेगी।अप्रैल में जो सीटें खाली हो रही हैं उनमें सबसे ज्यादा सात सीट महाराष्ट्र की है। वहां महाविकास अघाड़ी यानी कांग्रेस, उद्धव ठाकरे की शिव सेना और शरद पवार की एनसीपी को बड़ा झटका लगेगा। उनके पास चार सीटें हैं और इस बार सिर्फ एक सीट मिल पाएगी। कांग्रेस को एक सीट का नुकसान होगा लेकिन उसकी भरपाई हरियाणा से हो जाएगी। हरियाणा में दो सीटें खाली हो रही हैं। दोनों भाजपा की हैं। इनमें से एक सीट कांग्रेस को मिल सकती है। कांग्रेस को छत्तीसगढ़ में खाली हो रही दो में से एक सीट मिल सकती है। दोनों सीटें अभी भाजपा के पास हैं। गुजरात में कांग्रेस को अपनी इकलौती सीट गंवानी पड़ेगी। तेलंगाना की दोनों खाली हो रही सीटें कांग्रेस की हैं। भाजपा को ओडिशा में एक सीट का फायदा हो सकता है। वहां बीजू जनता दल को और आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस को नुकसान होगा। बाकी राज्यों में यथास्थिति रहेगी। बड़ी पार्टियों की तस्वीर कमोबेश एक जैसी रहने वाली है। कांग्रेस की 27 में से आठ सीटें खाली हो रही हैं तो उसको आठ या नौ सीट मिल जाएगी। इसी तरह भाजपा की 30 सीटें खाली हो रही हैं तो उसे भी एकाध सीट ज्यादा मिल सकती है। लेकिन असली सवाल है कि कांग्रेस के दिग्गज नेताओं का क्या होगा? कांग्रेस के कई दिग्गज नेता अगले साल रिटायर हो रहे हैं। इनमें से सबसे बड़ा नाम दिग्विजय सिंह का है। उनका 10 साल का संन्यास खत्म हुआ तो वे 2014 में राज्यसभा गए और दो बार से उच्च सदन के सदस्य हैं। वे 21 जून को रिटायर हो रहे हैं। मध्य प्रदेश में कांग्रेस के 65 विधायक हैं और इस आधार पर उसे एक सीट मिल जाएगी। अगर सब कुछ ठीक रहा तो ज्यादा संभावना है कि वे तीसरी बार राज्यसभा जाएं। अगर राहुल गांधी अपना दलित, पिछड़ा कार्ड खेलना चाहें तो अलग बात है। कमलनाथ भी प्रयास कर सकते हैं। दशकों बाद ऐसी स्थिति है कि कमलनाथ के परिवार का कोई सदस्य किसी सदन में नहीं है।इसी तरह कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का कार्यकाल भी 25 जून के खत्म हो रहा है। इसी तरह कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का कार्यकाल भी 25 जून के खत्म हो रहा है। महाराष्ट्र के सबसे बड़े नेता, तीन बार मुख्यमंत्री रहे एनसीपी के संस्थापक शरद पवार ने कुछ दिन पहले राजनीति से संन्यास की बात कही थी। इस बार उनकी पार्टी सिर्फ 10 विधानसभा सीट जीत पाई है। तभी सवाल है कि वे कैसे राज्यसभा जाएंगे? महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी को कुल 51 सीटें मिली हैं। इनमें उद्धव ठाकरे की शिव सेना के 20, कांग्रेस के 16 और शरद पवार की पार्टी के 10 विधायक हैं। इनकी मदद से राज्यसभा की एक सीट जीती जा सकती है। राज्य में खाली हो रही सात सीटों में से पवार की दो और उद्धव व कांग्रेस की एक एक सीट है। अगर तीनों पार्टियां चाहें तो शरद पवार को फिर से राज्यसभा भेज सकती हैं।इसी तरह पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा की लंबी पारी के भी खत्म होने का समय आ गया है। देवगौड़ा की उम्र 90 साल से ज्यादा है और वे लगातार किसी न किसी सदन के सदस्य रहे हैं।उनका राज्यसभा का कार्यकाल समाप्त हो रहा है और सिर्फ 19 सीटें जीती उनकी पार्टी अपने दम पर राज्यसभा की सीट नहीं जीत सकती है। राज्य में अगले साल चार सीटें खाली हो रही हैं। इनमें से एक सीट भाजपा को मिल सकती है। अगर भाजपा अपने कोटे की सीट जेडीएस को देती है तभी देवगौड़ा राज्यसभा जा सकते हैं। हालांकि राज्य में भाजपा के दो सांसद रिटायर हो रहे हैं और उसे सिर्फ एक सीट मिलने वाली है तो वह ये सीट जेडीएस को देगी इसमें संदेह है।



# इस बार कड़ाके की ठंड

## पश्चिमी विक्षोभ से उत्तर में बारिश-बर्फबारी, कई राज्यों में पारा 0;

## दिल्ली में भी सर्द हवाओं का डेरा, उत्तर प्रदेश में शीतलहर

उत्तर भारत में मौसम एक बार फिर करवट ले रहा है। सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती प्रणालियों ने पहाड़ों से लेकर मैदानी राज्यों तक ठंड को तीखा कर दिया है। दिल्ली-एनसीआर, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में शीतलहर का असर गहराता जा रहा है। जबकि उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के ऊंचे इलाकों में शून्य से नीचे तापमान से जनजीवन चुनौतीपूर्ण बना दिया है।

मौसम विभाग के ताजा अपडेट के अनुसार दिसंबर की शुरूआत के साथ ही उत्तर भारत के मौसम में तेज बदलाव दर्ज किया जा रहा है। पहाड़ी क्षेत्रों में जहां बर्फबारी की संभावना बढ़ी है, वहीं मैदानी राज्यों में कड़ाके की ठंड और कोहरे ने जनजीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और कई चक्रवाती प्रसार अगले दिनों में मौसम को और अधिक परिवर्तित कर सकते हैं।

उत्तर भारत में मौसम के बदलते रुख का सबसे बड़ा कारण लगातार सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ हैं। एक महत्वपूर्ण पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पंजाब और उसके आसपास 3.1 से 4.5 किमी की ऊंचाई पर मौजूद है। इसकी वजह से बना चक्रवाती प्रसार उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश के ऊपर प्रभाव पैदा कर रहा है। साथ ही एक अन्य पश्चिमी विक्षोभ ऊपरी वायुमंडल में उत्तर दिशा में फैल रहा है जो आने वाले दिनों में बारिश और बर्फबारी को बढ़ा सकता है। इसी प्रभाव से उत्तराखंड के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई गई है।

**हिमाचल : बर्फबारी के आसार**

हिमाचल प्रदेश इस समय शुष्क और अत्यंत ठंडे मौसम से गुजर रहा है। कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है। मौसम केंद्र शिमला ने 5 से 7 दिसंबर के बीच चंबा, कांगड़ा और कुल्लू जिलों के ऊपरी इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी की आशंका जताई है।

**लेह : पारा शून्य से कई डिग्री नीचे**

कश्मीर घाटी भीषण ठंड की चपेट में है। कई स्थानों पर पारा लगातार शून्य से नीचे बना हुआ है। श्रीनगर में तापमान माइनस 4.0 डिग्री सेल्सियस, पहलगाम में माइनस 4.8 है। लेह में तापमान माइनस 9.0, कारगिल में 7.8, और नुब्रा घाटी में माइनस 7.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश या बर्फबारी की संभावना जताई गई है।



**पूर्वी और मध्य भारत में बदलाव...**

पंजाब, हरियाणा, पूर्वी राजस्थान और झारखंड में अगले दिनों शीतलहर जारी रह सकती है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर-पश्चिम भारत के बड़े हिस्सों में अगले 24 घंटे न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा, लेकिन अगले 4 दिन में तापमान 3 से 4 डिग्री सेल्सियस बढ़ सकता है। पूर्वी, मध्य और पूर्वोत्तर में अगले 2 दिन में तापमान गिरने के आसार है।

**दिल्ली-एनसीआर, पंजाब, हरियाणा और यूपी में शीतलहर**

.दिल्ली-एनसीआर में न्यूनतम तापमान सामान्य से 4-5 डिग्री नीचे बना हुआ है। राजधानी के कई इलाकों में शीतलहर की स्थिति बनी हुई है। पंजाब और हरियाणा में भी शुष्क हवाओं तथा पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से ठंड में और इजाफा हुआ है। मौसम विभाग का अनुमान है कि मैदानी राज्यों में अगले दिनों में ठंड और अधिक तेज हो सकती है।

उत्तर प्रदेश में रात में पारे का गिरना जारी है। शुक्रवार को कानपुर शहर में रात का पारा लुढ़क कर 4.2 डिग्री तक पहुंच गया। यह सामान्य से 6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज हुआ। वहीं इटावा और मुजफ्फर नगर में न्यूनतम पारा 5.4 डिग्री तक आ गिरा। मौसम विभाग का कहना है कि शनिवार से प्रदेश में हवाओं का रुख फिर से बदलेगा। यह हवाएं अरब सागर से नमी लेकर आएंगी। इसके असर से यूपी में दोबारा पारे में उतार चढ़ाव देखने को मिलेगा।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हवा की दिशा बदलने से इन नमीयुक्त हवाओं के असर से अगले तीन चार दिनों में रात के पारे में 3 से 4 डिग्री की तात्कालिक बढ़त देखने को मिलेगी। कोहरा हल्के से मध्यम ही रहेगा, कहीं घने कोहरे का अलर्ट नहीं है।


Gmail newsnextindia1@gmail.com
NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया


# फ्लाइट में देरी के बीच इंडिगो के साथ खड़े रहे सोनू सूद

### परिवार भी 4-5 घंटे फंसा, वीडियो साझा कर यात्रियों से शांत रहने की अपील

देशभर में उड़ानों में विलंब और रद्दीकरण के बीच अभिनेता सोनू सूद ने एयरलाइन इंडिगो के पक्ष में खड़े होकर यात्रियों से संयम रखने की अपील की है। तकनीकी समस्याओं, मौसम और नए क्रू रोस्टरिंग नियमों के चलते हजारों यात्री विभिन्न हवाईअड्डों पर फंसे हुए हैं। सोनू सूद ने वीडियो जारी करते हुए बताया कि उड़ान में देरी से उनका अपना परिवार भी 4 से 5 घंटे तक एयरपोर्ट पर रुका रहा, हालांकि अंततः फ्लाइट रवाना हुई और वे सुरक्षित पहुंच गए। सूद ने कहा– निराशा स्वाभाविक है, पर जमीन पर तैनात स्टाफ केवल अपना काम कर रहा है, उन पर नाराजगी निकालना ठीक नहीं। उन्होंने बताया कि देरी से कई यात्रियों की शादियों, बैठकों और आयोजनों में शामिल होना प्रभावित हुआ, लेकिन फिर भी धैर्य रखना जरूरी है, क्योंकि स्थिति कर्मचारियों के हाथ में नहीं होती।





# रियलिटी शो से अभिनेत्री और आज फैशन आइकॉन- शहनाज गिल

रियलिटी शो की प्रतिभागी के रूप में लोकप्रिय हुईं शहनाज गिल आज फिल्म अभिनेत्री और फैशन जगत में प्रभावशाली नाम के रूप में उभर रही हैं। हाल ही में वे आकर्षक बैंगनी परिधान में दिखाई दीं, जिसके बाद सोशल मीडिया पर उनकी शैली को खूब सराहा गया। शहनाज गिल ने किसी का भाई किसी की जान, थैंक यू फॉर कमिंग और पंजाबी फिल्म इक्क कुड़ी में अभिनय किया है, जिसकी कहानी और शहनाज के परफॉर्मेंस ने दर्शकों और आलोचकों दोनों से प्रशंसा प्राप्त की। वे इस फिल्म की सह-निमार्ता भी हैं। शहनाज का सफर बिग बॉस 13 से शुरू हुआ, जिसके बाद उन्होंने वजन घटाया, स्वयं को संवारा और अभिनय के साथ प्रस्तुति कला में भी पहचान बनाई। वह अपना कार्यक्रम देसी वाइब्स विद शहनाज गिल भी प्रस्तुत करती हैं, जिसमें फि ल्म कलाकारों से संवाद करती हैं।



# रणवीर सिंह की 'धुरंधर' के लिए उत्साहित दीपिका पादुकोण

अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने अपने पति रणवीर सिंह की नई फिल्म धुरंधर की रिलीज पर खुशी जताते हुए सोशल मीडिया पर विशेष संदेश साझा किया। दीपिका ने फोटो श्रृंखला पोस्ट कर लिखा कि उन्होंने फिल्म देख ली है और इसके साढ़े तीन घंटे का हर पल सार्थक रहा। रणवीर सिंह यह फिल्म लेकर दो वर्ष बाद बड़े परदे पर लौट रहे हैं। फिल्म में उनके साथ अक्षय खन्ना, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त और आर. माधवन महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। उधर, अभिनेत्री यामी गौतम ने भी इस फिल्म के निर्देशक एवं अपने पति आदित्य धर और पूरी टीम के लिए भावुक संदेश साझा करते हुए मेहनत और समर्पण की सराहना की।

# वनडे सीरीज का फैसला आज

## भारत की नजर रो-को पर, यशस्वी समेत युवाओं के सामने बड़ा इम्तिहान

भारत के सामने अब सिर्फ एक ही लक्ष्य है- जीत। इसके लिए युवाओं को जिम्मेदारी निभानी होगी, गेंदबाजों को धार दिखानी होगी और सबसे महत्वपूर्ण- रोहित शर्मा और विराट कोहली को एक बार फिर अपनी क्लास साबित करनी होगी। अगर भारत आज अच्छा प्रदर्शन करता है, तो न सिर्फ टीम सीरीज जीतेगी, बल्कि हाल के सवालों और आलोचनाओं को भी शांत कर देगी।

**विशाखापत्तनम।** विशाखापत्तनम में शनिवार को होने वाले तीसरे और निर्णायक वनडे मुकाबले में भारत की नजर सिर्फ एक चीज पर होगी सीरीज जीतना और लगातार आलोचनाओं पर विराम लगाना। भारत को उम्मीद है कि कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली एक बार फिर बड़े मैच वाला प्रदर्शन करेंगे और टीम को जीत की राह दिखाएंगे। सीरीज इस समय 1-1 की बराबरी पर है और दक्षिण अफ्रीका पहले ही टेस्ट सीरीज जीत चुकी है, ऐसे में भारतीय टीम पर दबाव और अधिक बढ़ गया है। मैच दोपहर डेढ़ बजे शुरू होगा, जबकि टॉस उससे आधे घंटे पहले यानी दोपहर एक बजे होगा




### रोहित-कोहली अनुभव का सबसे बड़ा सहारा

भारतीय टीम इस समय दो अनुभवी दिग्गजों, विराट कोहली और रोहित शर्मा के दम पर आगे बढ़ रही है। दोनों खिलाड़ियों ने हाल के मैचों में धमाकेदार प्रदर्शन किया है। कोहली ने अपनी पिछली तीन पारियों में दो शतक और एक अर्धशतक लगाया है। वहीं, रोहित शर्मा ने भी चार पारियों में एक शतक और दो अर्धशतक बनाए हैं। इन दोनों खिलाड़ियों से एक बार फिर मैच जिताऊ प्रदर्शन की उम्मीद होगी क्योंकि ऐसे निर्णायक मुकाबलों में उनका अनुभव भारत की सबसे बड़ी ताकत है।

### युवा बल्लेबाजों पर दबाव, जायसवाल पर बड़ी नजर

ऋतुराज गायकवाड़ ने पिछले मैच में शानदार शतक लगाया था, जिससे टीम को मजबूती मिली, लेकिन युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अभी भी लय नहीं पकड़ पाए हैं। जायसवाल की सबसे बड़ी चुनौती लेफ्ट-आर्म फास्ट बॉलर्स के खिलाफ कमजोरी है। वह अब तक अपने इंटरनेशनल करियर में 30 बार लेफ्ट-आर्म गेंदबाजों का शिकार हुए हैं। वेस्टइंडीज के जेडन सील्स से शुरू हुई यह समस्या अब दक्षिण अफ्रीका के मार्को यानसन और नांद्रे बर्गर के सामने और बढ़ गई है। यदि इस मैच में भी प्रदर्शन बेहतर नहीं हुआ, तो भारतीय टीम प्रबंधन को गायकवाड़ को ओपनिंग के लिए भेजने पर विचार करना पड़ सकता है।

### पिच रिपोर्ट और रिकॉर्ड भारत के पक्ष में

विशाखापत्तनम का मैदान बल्लेबाजों के लिए अनुकूल माना जाता है। यहां भारत ने अब तक खेले गए 10 वनडे मैचों में से सात जीते हैं। हालांकि, पिछली बार यहां भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार झेलनी पड़ी थी। ओस यहां महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और टॉस जीतना मैच का बड़ा फैक्टर बन सकता है। मजेदार बात यह है कि भारत पिछले 20 वनडे मैचों से टॉस नहीं जीत पाया है, जिसका असर रायपुर में खेले गए दूसरे मैच में साफ दिखा।

### टीम संयोजन में बदलाव की संभावना

भारत अपनी प्लेइंग इलेवन में बदलाव कर सकता है। वॉशिंगटन सुंदर को आराम देकर उनकी जगह तिलक वर्मा को मौका मिल सकता है। तिलक मध्यक्रम को मजबूती देने के साथ-साथ स्पिन गेंदबाजी और शानदार फील्डिंग का विकल्प भी देते हैं। ऋषभ पंत भी एक विकल्प हैं, लेकिन टीम बैलेंस देखते हुए तिलक का पलड़ा भारी माना जा रहा है।

### गेंदबाजों से बड़े प्रदर्शन की उम्मीद

अर्शदीप सिंह ने नए बॉल के साथ प्रभावशाली गेंदबाजी की है। अब उम्मीद है कि प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा भी लय में लौटेंगे और टीम को जरूरी ब्रेकथ्रू दिलाएंगे। हालांकि, प्रसिद्ध कृष्णा पिछले मैच में फॉर्म में नहीं दिखे थे। ऐसे में टीम नीतीश के रूप में ऑलराउंडर खिला सकती है। हालांकि, गंभीर ज्यादा बदलाव के पक्ष में नहीं होंगे और प्रसिद्ध पर एक बार फिर भरोसा जताया जा सकता है।

### दक्षिण अफ्रीका भी जीत के इरादे से उतरेगा

दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका का लक्ष्य भी साफ है, टेस्ट के बाद अब वनडे सीरीज भी जीतना। हालांकि टीम नांद्रे बर्गर और टोनी डी जॉर्जी की फिटनेस को लेकर चिंतित है। दोनों दूसरे वनडे में चोटिल हो गए थे और उनके अगले मुकाबले में खेलने को लेकर संशय है।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से छलेसर में 'विधायक खेल स्पर्धा' आरंभ

**एत्मादपुर (एनएनआई)।** शीतकालीन मौसम में विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण युवाओं को पांच दिवसीय 'विधायक खेल स्पर्धा' में अपनी खेल प्रतिभा को प्रदर्शित करने का सुनहरी मौका मिला है। प्रदेश सरकार की सौगात पाकर डा.भीमराव आंबेडकर विश्व विद्यालय आगरा के छलेसर कैंपस स्थित मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में शुक्रवार को शिरकत करने आए खिलाड़ी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों संग आरंभ हुई खेल स्पर्धा में सहभागी बनने पर खुशी से झूम उठे। स्पर्धा का उदघाटन मुख्य अतिथि नगर निगम आगरा की महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाहा, डा.भीमराव आंबेडकर विश्व विद्यालय की कुलपति प्रो. आशु रानी, जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी, पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार, भाजपा के महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित किया। प्रतिभागी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और निर्णायकों ने मार्चपास्ट की सुंदर प्रस्तुति दी। 15वीं वाहिनी पीएसी के बैंड ने मंत्रमुग्ध कर दिया। जिलाधिकारी की उदघोषणा के बाद राष्ट्रीय खिलाड़ी हेमलता ने शपथ दिलाई। सेंट एंड्रूज पब्लिक पीलीपोखर के बच्चों ने रामायण की शानदार प्रस्तुति देकर माहौल में धार्मिक भावनाओं का रंग घोल दिया। सौ मीटर की प्रदर्शनी से आरंभ हुई 'खेल स्पर्धा' में खिलाड़ी अंकित ने पहला और गौरव ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। एमडी जैन इंटर कॉलेज आगरा के खिलाड़ियों ने प्राचीन खेल विधा 'मलखंब' पर हैरतअंगेज करतब दिखाकर खूब तालियां बटौरीं। आगरा के युवा क्रिकेटर ध्रुव जुरैल के पिता नेम सिंह जूरैल को सम्मानित किया गया। समारोह में शामिल अतिथियों का स्वागत एसडीएम सुमित सिंह, तहसीलदार देवेन्द्र प्रताप, बीडीओ विजय कुमार अग्रवाल ने बुके भेंट कर किया। मुख्य अतिथि महापौर का स्वागत भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष स्वदेश बघेल ने किया। मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह, कुलसचिव अजय मिश्र, आरएसओ संजय शर्मा, भाजपा के शहर कार्यकारिणी सदस्य हरिओम सिंह बघेल एडवोकेट, मानवेन्द्र सिंह चौहान, कृपाल सविता, ब्लाक प्रमुख पति डा.अवधेश सिंह सुमन, छलेसर के क्षेत्रीय पार्षद विजय वर्मा, पूर्व प्रधान रहनकलां बनवारी लाल वर्मा आदि मौजूद थे। क्षेत्रीय विधायक डा. धर्मपाल सिंह ने अतिथियों, खिलाड़ियों और सहयोगियों का आभार जताया। संचालन डा. रीनेश मित्तल ने किया।

> प्रदर्शनी दौड़ में ग्रामीण युवाओं ने दिखाई प्रतिभा, अंकित रहे




## शनिवार, 06 दिसम्बर राशिफल

मेष राशि के जातकों को जीवन साथी का सहयोग और सानिध्य प्राप्त होगा। राशि का स्वामी मंगल-पाप ग्रहों की संगति में है। ऐसे में कड़वाहट को मिठास में बदलने की कला आपको सीखनी पड़ेगी। पंचम भाव दूषित होने के कारण संतान पक्ष से निराशा जनक समाचार मिल सकता है।

आज का दिन वृष राशि वालों का संतोष और शांति से गुजरने वाला है। राजनीतिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। शासन व सत्ता से गठजोड़ का आपको लाभ मिलता हुआ दिख रहा है। नए अनुबंधों के द्वारा पद, प्रतिष्ठ में वृद्धि होगी।

मिथुन राशि के जातकों का दिन आज थोड़ा परेशान करने वाला दिख रहा है। राशि स्वामी की व्यग्रता के कारण किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने की संभावना बनी रहेगी। संतान की शिक्षा या किसी प्रतियोगिता में सफलता का समाचार मिलने से मन में हर्ष होगा।

कर्क राशि द्वादश भाव में चंद्रमा उत्तम संपत्ति का संकेत दे रहा है। आज के दिन आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। राज्य-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होती दिख रही है। संतान के दायित्व की पूर्ति हो सकती है। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद व लाभदायक रहेगी।

राशि का स्वामी सूर्य मित्र ग्रहों के बीच में आ गया है। ऐसे में सिंह राशि के जातकों की आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता आपको समाज में सम्मान दिलाएगी। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगी। सूर्य के कारण अधिक भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

कन्या का राशि स्वामी बुध सुख की वृद्धि कर रहा हैं। ऐसे में रोजगार व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी आज आपको संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदमों में जीत आपके लिए खुशी का कारण बन सकती है।

आज आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा। विरोधियों की पराजय होगी।

आपकी राशि से एकादश-द्वादश त्रिग्रही योग अभी कुछ दिन और चलेगा। इसके फलस्वरूप कुछ आंतरिक विकार आपको परेशान कर सकते हैं। आज का दिन इस सबकी जांच कराने का है। अच्छा रहेगी कि आज किसी अच्छे डॉक्टर से इस विषय में सलाह मशविरा कर लें।

आज आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। धनु राशि के जातकों को शासन और सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ मिलता हुआ दिख रहा है। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। सायंकाल से लेकर रात्रि तक का समय सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने में बीतेगा।

आज मकर राशि के जातकों को पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास लाभदायक साबित होंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों का आदर व सहयोग भी पर्याप्त मिलेगा। सायंकाल के समय किसी झगड़े विवाद में न पड़ें।

आज आपके स्वास्थ्य सुख में व्यवधान आ सकता है। राशि का स्वामी शनि अब मार्गी चल रहा है। ऐसे में बिना वजह के विवाद उतपन्न हो सकते हैं। इस दौरान अपनी बुद्धि द्वारा किए कार्यों में हानि और निराशा हो सकती है।

आज का दिन पुत्र, पुत्री की चिंता तथा उनके कामों में व्यतीत होगा। दांपत्य जीवन में कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। बहनोई और साले से आज लेन-देन न करें सम्बन्ध खराब होने का खतरा है। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्चा हो सकता है।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# विश्वविद्यालय में लगी हाट
## कीमतें देख लोगों के खिले चेहरे

एनएनआई



**आगरा।** डॉ भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय के सेठ पदम चंद जैन प्रबंध संस्थान में विश्वविद्यालय हाट सेवा कार्यक्रम का सफल आयोजन लायंस क्लब अपस्ट्रीम के सहयोग से किया गया। यह आयोजन ऐसे समय में किया गया, जब राज्यपाल, उत्तर प्रदेश के मार्गदर्शन में समाजसेवा, सामुदायिक सहभागिता और मानवीय सहानुभूति से जुड़े प्रयासों को विश्वविद्यालय स्तर पर सुदृढ़ किया जा रहा है। राज्यपाल की दूरदर्शी सोच को आगे बढ़ाते हुए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. आशु रानी ने सभी विभागों को निर्देशित किया है कि ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएँ, ताकि उच्च शिक्षा संस्थान समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने में अग्रणी भूमिका में रहें। इन्हीं निर्देशों और प्रेरणा के अंतर्गत विश्वविद्यालय हाट का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर तथा जरूरतमंद लोगों तक आवश्यक वस्तुएँ सम्मानपूर्वक, सहज और गरिमापूर्ण तरीके से उपलब्ध कराना था। आयोजकों का मानना रहा कि सहायता तभी सार्थक कहलाती है, जब वह लाभार्थी के आत्मसम्मान को सुरक्षित रखते हुए पहुँचे इसी विचार के साथ कार्यक्रम की संकल्पना की गई। कार्यक्रम में आसपास की बस्तियों और निकटवर्ती क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाएँ, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग सम्मिलित हुए।


परिसर में लगाए गए स्टॉलों को साफ-सुथरा, सुव्यवस्थित और सभी आयु वर्गों के अनुकूल बनाया गया था, ताकि प्रत्येक व्यक्ति अपनी आवश्यकता के अनुसार वस्तुएँ चुन सके। आयोजन की सबसे विशेष बात यह रही कि सभी वस्तुएँ मात्र 10 की सांकेतिक कीमत पर उपलब्ध कराई गईं, जिससे किसी को भी मुफ्त में लेने की असहजता न हो, बल्कि वह सम्मानपूर्वक खरीदकर सामग्री घर ले जा सके। कार्यक्रम में कुल छह प्रमुख स्टॉल लगाए गए, जिनमें पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए अलग-अलग वस्तुएँ उपलब्ध थीं। पुरुष स्टॉल पर स्वेटर, ब्लेजर, जैकेट, शर्ट, पैंट, कुर्ते, टी-शर्ट और जींस सहित अनेक परिधान थे। महिलाओं के स्टॉल पर साड़ियाँ, सूट-सेट, दुपट्टे, कुर्तियाँ, बैग एवं वूलन परिधान आकर्षण का केंद्र बने।

बच्चों के स्टॉल में वूलन जैकेट, कोट, स्वेटर, टी-शर्ट, लोअर तथा रंग-बिरंगे परिधान उपलब्ध थे, जिन्हें देखकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इसके अतिरिक्त उपयोगी वस्तुओं के एक अलग सेक्शन में जूते-चप्पल, कंबल, तौलिए, कॉस्मेटिक आइटम, क्रॉकरी सेट, खिलौने और घरेलू उपयोग की सामग्री रखी गई थी। अंततः कुल 675 से अधिक वस्तुओं का वितरण किया गया।

# विश्व मृदा दिवस पर विद्यार्थियों ने दिया ज्ञान और जागरूकता का परिचय

**विश्वविद्यालय के कृषि विभाग में हुई निबंध प्रतियोगिता**

एनएनआई



**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, नेताजी सुभाष चंद्र बोस छलेसर परिसर स्थित कृषि विभाग में विश्व मृदा दिवस के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कुलपति प्रो. आशू रानी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिनके प्रेरक नेतृत्व में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में पर्यावरण जागरूकता और सतत विकास से जुड़े कार्यक्रमों को लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। स्वस्थ शहरों के लिए स्वस्थ मिट्टी विषय पर आधारित इस प्रतियोगिता में कुल 60 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने मिट्टी संरक्षण, मिट्टी की सेहत, उर्वरता प्रबंधन, जैविक खेती, शहरी कृषि और सतत पर्यावरण निर्माण जैसे पहलुओं पर अपने गहन विचार प्रस्तुत किए। परिणामों में बीएससी (कृषि) प्रथम वर्ष की छात्रा तनु सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसी वर्ग की छात्रा वैष्णवी पटेल ने द्वितीय स्थान, जबकि बीएससी (कृषि) द्वितीय वर्ष के छात्र राहुल गोला ने तृतीय स्थान हासिल किया। उनके निबंध विषय की गहराई, अभिव्यक्ति और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के लिए विशेष रूप से सराहे गए। प्रतियोगिता में अन्य प्रतिभागियों में अरविंद वर्मा, कृष्णा, हर्ष एवं नितिन पराशर के लेख भी उल्लेखनीय रहे, जिनमें मिट्टी संरक्षण के महत्व पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए गए। निर्णायक मंडल ने इन प्रतिभागियों की लेखन क्षमता और विषय की समझ की प्रशंसा की।

निबंध प्रतियोगिता का संचालन और मूल्यांकन कृषि विभाग के शिक्षक डॉ. सौरभ कुमार, डॉ. अभिलाष सिंह, डॉ. नरेंद्र प्रताप वर्मा, डॉ. कार्तिक तोमर एवं डॉ. मनीष शर्मा की देखरेख में संपन्न हुआ। विभागाध्यक्ष एवं शिक्षकों ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करते हैं, बल्कि उन्हें पर्यावरण संरक्षण और सतत कृषि पद्धतियों के प्रति जिम्मेदार भी बनाते हैं।

# फिर छिड़ी आज बात फूलों की, सुबह फूलों की शाम फूलों की...

- हॉर्टीकल्चर क्लब आगरा द्वारा आयोजित की गई चार दिवसीय बोगनविलिया की प्रदर्शनी

एनएनआई



**आगरा।** बोगनविलिया के एक पौधे में 5-10 रंग के फूल देखे हैं कहीं। नहीं देखी तो कलाकृति के नजदीक वर्डेंट एकर्स में हॉर्टीकल्चर क्लब आगरा द्वारा सजाई गई चार दिवसीय बोगनविलिया की प्रदर्शनी में आइये। जहां 111 प्रकार के बोगनविलिया की लगभग एक हजार से अधिक स्पीशीज सजी है और अपने सतरंगी रंग बिखेर रही हैं। प्रदर्शनी का शुभारम्भ आगरा विवि में ईस्टीट्यूट ऑफ रूरल डवलपमेंट के पूर्व निदेशक प्रो. वेद प्रकाश त्रिपाठी व वनस्पति विभाग, आरबीएस कॉलेज के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. आरकेएस राठौर ने फीता काटकर किया। डॉ. राठौर ने कहा कि बोगनविलिया का बेहतरीन कलेक्शन है प्रदर्शनी में। बैंगलोर की लालबाग नर्सरी के बाद आगरा में इस तरह का कलेक्शन देखने को मिला है। प्रो. वेद प्रकाश ने कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों की कई नई जानकारियां प्राप्त हो रही हैं।

लोगों को प्रोत्साहन मिलता है कि लोग पौधे लगाएं। बोगनविलिया की सर्वाधिक स्पीशीज का प्रदर्शन करने वाले मुकुल पंड्या ने बताया कि अल्पमरुस्थलीय क्षेत्र आगरा में पर्यावरण की दृष्टि से बोगनविलिया बहुत ही महत्वपूर्ण पौधा है। जिसमें उगाने में न तो ज्यादा मेहनत होती है और कांटे होने की वजह से बंदर आदि जानवर भी नष्ट नहीं करते। आगरा को सुन्दर बनाने के लिए लोगों को इसका खूब पयोग करना चाहिए। प्रदर्शनी में लगभग 50 मल्टीग्राफ्टेड (जिसमें 5-10 रंग के फूल) पौधे प्रदर्शित किए गए हैं। क्लब की संस्थापक अध्यक्ष लवली कथूरिया ने कहा कि पानी की कम जरूरत के साथ लगभग 8-9 माह तक इसमें फूल खिलते हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. अमिता त्रिपाठी, डेजी गुलजार, रेनू भगत, कंचन आहूजा, रश्मि मित्तल, रामकुमार अग्रवाल, निकी चौपड़ा, विभा गुप्ता, दिव्या गोयल, रविंद्र श्रीवास्तव, वंदना खंडेलवाल, डौली मदान, अनीता मुंजाल, तनु फरसैया, रीटा विज आदि उपस्थित थीं।

**विभा गुप्ता, कंचन आहूजा, रश्मि मित्तल ने मारी बाजी**

चार दिवसीय बोगनविलिया की प्रदर्शनी में प्रथम स्थान पर विभा गुप्ता, दूसरे पर कंचन आहूजा और तीसरे स्थान पर रश्मि मित्तल रहीं। सभी विजेता प्रतिभागियों को क्लब के जनवरी में आयोजित होने वाले वार्षिकोत्सव में पुरस्कृत किया जाएगा। चार दिवसीय प्रदर्शनी प्रतिदिन आमजन के लिए सुबह 9 से शाम 5 बजे तक खुली रहेगी।

